इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

वर्ष- 45 | अंक - 106 | राजनांदगांव, मंगलवार 03 मार्च 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




स्वस्तिक
स्पोर्ट्स, म्यूजिकल एण्ड फिटनेस आयटम
खेल सामग्री
वाद्य यंत्र, बैण्ड गुड्स, इलेक्ट्रॉनिक आर्गन, आक्टोपैड,
नाटक- रामलीला गुड्स, दरी, टाटपट्टी के थोक व चिल्लर विक्रेता एवं सुधारक
शो-रुम - जी.ई. रोड, राजनांदगांव ● सिनेमा लाईन, राजनांदगांव
फोन: 07744-281191, 325125
Email : Swastikstoresrjn@gmail.com ● www.swastikstores.com


## दुनिया पर तेल संकट का साया: ईरान ने सऊदी अरब की अरामको रिफाइनरी पर किया ड्रोन हमला, 9.32 प्रतिशत बढ़े कच्चे तेल के दाम

नई दिल्ली। मध्य पूर्व में चल रहा तनाव अब दुनिया के लिए एक बहुत बड़ा आर्थिक और कूटनीतिक संकट बन चुका है। इजराइल और अमेरिका के खिलाफ चल रही जंग के तीसरे दिन, सोमवार सुबह ईरान ने एक बेहद दुस्साहसिक कदम उठाते हुए सऊदी अरब की दिग्गज तेल कंपनी अरामको की रास तनुरा रिफाइनरी को अपना निशाना बनाया है। इस हमले के बाद एहतियात के तौर पर दुनिया के इस सबसे बड़े तेल डिपो को बंद कर दिया गया है। ईरान के इस हमले ने सीधे तौर पर वैश्विक तेल आपूर्ति की धमनियों पर प्रहार किया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया है और पूरी दुनिया में तेल की किल्लत की आशंका पैदा हो गई है।

### शाहेद-136 ड्रोन से रास तनुरा पर हमला, आसमान में छाया धुएं का गुबार

यह हमला ईरान द्वारा सोमवार सुबह सऊदी अरब के प्रमुख एनर्जी हब रास तनुरा पर किया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान ने इस रिफाइनरी को निशाना बनाने के लिए अपने खतरनाक शाहेद-136 ड्रोन का इस्तेमाल किया। हमले के तुरंत बाद रिफाइनरी के कुछ हिस्सों में आग भड़क



उठी और आसमान में काले धुएं का गुबार छा गया। हालांकि, ब्लूमबर्ग और रॉयटर्स की रिपोर्ट में एक अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि आग रिफाइनरी के एक छोटे से हिस्से में लगी थी, जिसे जल्द ही काबू कर लिया गया और इसमें किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

### हमले के बाद बंद की गई दुनिया की सबसे बड़ी रिफाइनरी

भले ही आग पर काबू पा लिया गया हो, लेकिन सुरक्षा कारणों और किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए एहतियात के तौर पर इस विशाल तेल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### इजरायल के हमले में घायल खामेनेई की पत्नी की भी मौत, ईरान में अब भी गिर रही मिसाइलें

ईरान के सुप्रीम लीडर रहे खामेनेई की मौत के बाद अब उनकी पत्नी की भी मौत हो गई है। खामेनेई की पत्नी खोजस्तेह बघेरजादेह अमेरिका-इजरायल की एयरस्ट्राइक में घायल हो गई थीं। अब ईरान की सरकारी मीडिया ने उनकी मौत की पुष्टि कर दी है। खामनेई और खोजस्तेह बघेरजादेह की शादी 1964 में हुई थी। वह लोगों की नजरों से अक्सर दूर ही रहती थीं। उनके बारे में ज्यादा जानकारी किसी को नहीं है, लेकिन बताया जाता है कि दोनों के 6 बच्चे थे। उधर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि जरूरत पड़ने पर अमेरिकी सेना ईरान पर चार से पांच सप्ताह तक हमला जारी रखेगी। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि इजरायल और अमेरिका के लिए लड़ाई की तीव्रता बनाए रखना मुश्किल नहीं होगा। हालांकि, ट्रंप ने एक संक्षिप्त साक्षात्कार के दौरान ईरान में नई शासन व्यवस्था को लेकर कई विरोधाभासी दृष्टिकोण प्रस्तुत किए। सत्ता हस्तांतरण की अपनी योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ईरान (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीएम ममता ने ईसी पर लगाए गंभीर आरोप, कहा- एसआईआर के दौरान भाजपा की मदद के लिए काटे गए मतदाताओं के नाम

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक माहौल गर्म होता जा रहा है। दक्षिण 24 परगना में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करते हुए तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। इसके कुछ ही घंटों बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में जवाबी हमला करते हुए भाजपा और चुनाव आयोग दोनों पर गंभीर आरोप लगाए। राज्य में अब चुनाव से पहले राजनीतिक बयानबाजी और आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं।



अमित शाह ने अपनी रैली में ममता बनर्जी सरकार पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया और दावा किया कि इस बार चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की विदाई तय है। भाजपा नेताओं ने कहा कि परिवर्तन यात्रा राज्य में राजनीतिक बदलाव लाने के लिए निकाली गई है। रैली में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी राज्य सरकार को कानून व्यवस्था और विकास के मुद्दे पर घेरा।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर सीधा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में असली मतदाताओं के नाम जानबूझकर हटाए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए यह कार्रवाई की गई। ममता बनर्जी ने कहा कि यह लोकतंत्र के लिए चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है।

### भवानीपुर सीट का दिया उदाहरण

ममता बनर्जी ने कहा कि उनके खुद के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। इसके बावजूद उन्होंने भरोसा जताया कि जनता का समर्थन उनके साथ है। उन्होंने कहा कि अगर एक भी वोटर बचा रहेगा तो भी वह चुनाव जीत जाएंगी। मुख्यमंत्री ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा को निशाना बनाते हुए कहा कि यह बंगाल में भाजपा की आखिरी राजनीतिक यात्रा साबित होगी। राज्य में जारी विशेष पुनरीक्षण के बाद लाखों मतदाताओं के नाम सूची से हटाए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पीएम मोदी ने बहरीन के किंग और सऊदी के क्राउन प्रिंस को फोन किया, तनाव पर चर्चा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बहरीन के किंग और सऊदी के क्राउन प्रिंस को फोन किया। दोनों के बीच पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर चर्चा हुई। समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक पीएम मोदी ने आज दो अहम फोन कॉल किए। टेलीफोन पर उन्होंने बहरीन के किंग और सऊदी के क्राउन प्रिंस के साथ ईरान और इस्राइल के बीच टकराव समेत कई मुद्दों पर बातचीत की।



### बहरीन और सऊदी में रहने वाले भारतीयों की चिंता

रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी ने पहले बहरीन के किंग हमाद बिन ईसा अल खलीफा से बात की। उन्होंने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री- मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद से भी बात की। पीएम मोदी ने इन दोनों देशों पर हुए हमलों की निंदा की और यहां रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों की सुरक्षा से संबंधित चिंताओं पर भी चर्चा की।

### पश्चिम एशिया पर भारत की करीबी नजर, कनाडा के साथ भी चर्चा

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति को देखते हुए सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक भी बुलाई थी। पीएम मोदी ने विदेश मंत्री डॉ जयशंकर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल की मौजूदगी में खाड़ी देशों की स्थिति और पश्चिम एशिया में बमबारी के बाद उपजे तनाव की समीक्षा की। इस बैठक से इतर भारत ने कनाडाई प्रधानमंत्री कार्नी के साथ भी पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा की।

## जंग उन्होंने शुरू की, खत्म हम करेंगे, ईरान में जारी संघर्ष को लेकर अमेरिका का बड़ा बयान

**4 हफ्ते में खत्म हो जाएगी ईरान की जंग: डोनाल्ड ट्रंप का मिडिल ईस्ट संकट पर बढ़ा दावा; बोले- अब तक 48 ईरानी नेता ढेर**

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ चल रहे भीषण युद्ध पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा है कि यह संघर्ष अगले चार हफ्तों या उससे भी कम समय में समाप्त हो सकता है। अखबार डेली मेल को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिकी सेना का अभियान अपने तय शेड्यूल से भी आगे चल रहा है और अब तक 48 ईरानी नेताओं का खात्मा किया जा चुका है।



### शहीद अमेरिकी सैनिकों को श्रद्धांजलि और बदले का संकल्प

ट्रंप ने युद्ध के दौरान अपनी जान गंवाने वाले तीन अमेरिकी सैन्य सदस्यों को महान बताते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। उन्होंने स्वीकार किया कि उनके दूसरे कार्यकाल में यह पहली बड़ी अमेरिकी जनहानि है। राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि हालांकि वे ऐसी घटनाओं से दुखी हैं, लेकिन ईरान के पूरे नेतृत्व को ध्वस्त करना उनका मुख्य लक्ष्य है और ऑपरेशन योजना के अनुसार ही चल रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने उम्मीद जताई है कि अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमलों के बाद ईरान में कट्टरपंथी शासन का अंत होगा और वहां लोकतंत्र पनप सकता है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि सऊदी अरब भी इस लड़ाई में अमेरिका का साथ दे रहा है क्योंकि उसे भी निशाना बनाया गया था। इसके अलावा बहरीन, कतर और जॉर्डन जैसे मित्र देशों के साथ भी ट्रंप लगातार संपर्क में बने हुए हैं। जब ट्रंप से ईरान के साथ भविष्य में बातचीत की संभावना पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि वे इसके लिए तैयार हैं, लेकिन ईरानी पक्ष (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### बड़ी लहर आना बाकी है, ट्रंप की चेतावनी के बाद ईरान की न्यूक्लियर साइट पर धमाके शुरू

नई दिल्ली। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अभी ईरान में बड़ी लहर आनी बाकी है। वह न्यूज चैनल सीएनएन को इंटरव्यू दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने ईरान पर हो रहे हमले तेज करने की चेतावनी दी। इसी बीच इस्फहान में ईरान के न्यूक्लियर साइट पर नए धमाके हुए। दरअसल ट्रंप ईरान के न्यूक्लियर साइट को पूरी तरह तबाह करना चाहते हैं। इसके पहले रविवार को उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर अमेरिकी सेना ईरान पर चार से पांच सप्ताह तक हमला जारी रखेगी। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि इजरायल और अमेरिका के लिए लड़ाई की तीव्रता बनाए रखना मुश्किल नहीं होगा। हालांकि, ट्रंप ने एक संक्षिप्त साक्षात्कार के दौरान ईरान में नई शासन व्यवस्था को लेकर कई विरोधाभासी दृष्टिकोण प्रस्तुत किए। सत्ता हस्तांतरण की अपनी योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ईरान के विशिष्ट सैन्य बल, जिनमें रिवोल्यूशनरी गार्ड (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### केन्द्रीय वित्तमंत्री से मिले मुख्यमंत्री सुक्खू, आरडीजी को लेकर की बातचीत

शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की और फाइनेंशियल ईयर 2026-27 के रेवेन्यू डेफिसिट को कवर करने के लिए खास केंद्रीय मदद के तहत एक फाइनेंशियल पैकेज मांगा। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री को बताया कि रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट बंद करने से राज्य की फाइनेंशियल हेल्थ पर बहुत बुरा असर पड़ेगा और कहा कि हिमाचल प्रदेश की तुलना उन दूसरे राज्यों से नहीं की जा सकती जिनका आरडीजी बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के लिए आरडीजी कंट्रीब्यूशन लगभग 12.7 परसेंट था जो नागालैंड के बाद दूसरा सबसे ज़्यादा था। उन्होंने कहा कि बड़े राज्य इसे बंद करने का सामना कर सकते हैं लेकिन हिमाचल प्रदेश की इकॉनमी नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों का एक ही पैमाने पर आकलन करना न तो (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## वोटर लिस्ट से नाम कटने पर अमित शाह का बड़ा बयान- शरणार्थी बेफिक्र रहें, घुसपैठियों को चुन-चुनकर निकालेंगे

कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को भरोसा दिलाया कि पड़ोसी देश से धार्मिक उत्पीड़न के कारण पश्चिम बंगाल में शरण लेने वाले एक भी हिंदू रिफ्यूजी को डिपोर्ट नहीं किया जाएगा। गृह मंत्री ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के रैदिघी में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। एक भी हिंदू रिफ्यूजी को उसकी भारतीय नागरिकता से वंचित नहीं किया जाएगा या डिपोर्ट नहीं किया जाएगा।



### एक भी हिंदू शरणार्थी बाहर नहीं जाएगा!

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि गृह मंत्री का यह भरोसा मतुआ समुदाय के लोगों की इस आशंका के बीच आया है कि ECI द्वारा नियुक्त न्यायिक अधिकारियों द्वारा वोटर डॉक्यूमेंट्स के न्यायिक फैसले के लिए उनके नाम भेजे जाने के बाद उस समुदाय के काफी संख्या में वोटरों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं।

मतुआ हिंदू सामाजिक-पिछड़े वर्ग के लोग हैं जो पड़ोसी देश बांग्लादेश से पश्चिम बंगाल में शरण लेकर आए हैं और पश्चिम बंगाल के अलग-अलग हिस्सों, खासकर नॉर्थ 24 परगना और नादिया जिलों में बस गए हैं। 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद से, वे बीजेपी के लिए पक्के वोट बैंक बन गए हैं। हालांकि, साथ ही अमित शाह ने कहा कि हिंदू शरणार्थियों के हितों की रक्षा की जाएगी, लेकिन पड़ोसी देश से आए अवैध घुसपैठियों से सख्ती से निपटा जाएगा।

### महिला सशक्तिकरण के लिए 5,700 करोड़

गृह मंत्री ने कहा कि घुसपैठियों की पहचान की जाएगी और उन्हें राज्य से निकालने के लिए सही कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर बोलते हुए अमित शाह ने घोषणा की कि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## एनएच-30 के 122 किमी सेक्शन को फोरलेन बनाने का प्रस्ताव, केंद्रीय मंत्री गडकरी से मिले डिप्टी सीएम विजय शर्मा

रायपुर। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नागपुर प्रवास के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर राष्ट्रीय राजमार्ग-30 के धवईपानी (चिल्फी) से कवर्धा होते हुए सिमगा तक करीब 122 किलोमीटर लंबे सेक्शन को 4-लेन में उन्नत करने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री ने प्रस्ताव पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि एनएच-30 के जबलपुर से मंडला और चिल्फी तक लगभग 160 किलोमीटर हिस्से को पहले ही 4-लेन में विकसित करने की स्वीकृति मिल चुकी है। वर्तमान में चिल्फी (धवईपानी) से कवर्धा और कवर्धा गुरूनाला से सिमगा तक का मार्ग 10 मीटर चौड़ाई की 2-लेन सड़क है। उन्होंने कहा कि जब जबलपुर-मंडला-चिल्फी सेक्शन 4-लेन में परिवर्तित होगा, तब आगे के 2-लेन हिस्से पर यातायात का दबाव और बढ़ जाएगा। भारी और व्यावसायिक वाहनों की आवाजाही को देखते हुए धवईपानी से सिमगा तक पूरे मार्ग को 4-लेन में अपग्रेड करना आवश्यक है, ताकि सड़क सुरक्षा और यातायात (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## होली मिलन समारोह में बोले सीएम साय- मिर्चवाली माला नजर से बचाएगी, किसानों को होली पर मिली बड़ी सौगात

रायपुर। छत्तीसगढ़ में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी पहुंचे। यह समारोह मोतीबाग स्थित रायपुर प्रेस क्लब में महामूर्ख सम्मेलन 2026 का आयोजन किया गया।

मुख्यमंत्री साय ने मंच से प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस अवसर पर एक विशेष मिर्चवाली माला पहनी। सीएम ने बताया कि यह माला उन्हें नजर न लगने के लिए पहनाई गई है। उन्होंने होली को आपसी गले मिलने और प्रेम का त्योहार बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि होली आपसी सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक समरसता का महत्वपूर्ण पर्व है। यह रंगों का उत्सव समाज को एकजुट करने का संदेश देता है। साथ ही, यह सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। उन्होंने लोकतंत्र में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी की सराहना की। सीएम ने कहा कि प्रेस समाज और शासन के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करता है। उन्होंने मीडिया की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। मुख्यमंत्री ने होली मिलन कार्यक्रम के दौरान किसानों के खातों में राशि पहुंचाने का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 25 लाख 28 हजार किसानों के खातों में यह राशि ट्रांसफर की गई है। कुल 10 हजार 324 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे किसानों तक पहुंची है। यह कदम किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सहायक होगा। सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री साय ने होली पर्व के सामाजिक महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इसे आपसी सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक बताया। सीएम ने कहा कि यह उत्सव सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है और सभी को एक सूत्र में पिरोता है।




## छत्तीसगढ़ में 127 किसानों के फर्जी हस्ताक्षर से 1.92 करोड़ का ऋण घोटाला, अधिकारी-कर्मचारियों पर एफआईआर के निर्देश

अंबिकापुर। सरगुजा जिले के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित केरजू में फर्जी ऋण वितरण एवं आहरण की पुष्टि हुई है। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर एसडीएम सीतापुर की अध्यक्षता में गठित संयुक्त दल ने शिकायत की जांच की। जांच में 127 किसानों के नाम पर फर्जी हस्ताक्षर कर कुल एक करोड़ बयानवे लाख बयासी हजार छह रुपये का अवैध आहरण किया जाना पाया गया है। फर्जी ऋण स्वीकृति और राशि आहरण की 1900 पन्नों की रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप दी गई है।

### अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से हुआ अवैध आहरण

इसी जांच प्रतिवेदन के आधार पर तत्कालीन प्राधिकृत अधिकारी मदन सिंह, जोगी राम, सैनाथ केरकेट्टा वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक एवं प्राधिकृत अधिकारी, भूपेन्द्र सिंह परिहार तात्कालिक शाखा प्रबंधक, शिवशंकर सोनी सहायक लेखापाल, ललिता सिन्हा कैशियर, सुमित कुमार सामान्य सहायक एवं दीपक कुमार चक्रधारी कम्प्यूटर ऑपरेटर को उक्त अनियमितता एवं वित्तीय गड़बड़ी के लिए दोषी पाया गया है। प्रकरण में संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों के विरुद्ध दर्ज कराने कलेक्टर अजीत वसंत ने आदेशित किया है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस आदेश से सहकारी समिति के अधिकारी-कर्मचारियों में खलबली मच गई है। इसी समिति में पदस्थ एक कर्मचारी ने पूर्व में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।



गड़बड़ी में संलिप्त कर्मचारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का आदेश तो दिया गया है लेकिन किसानों को राहत कैसे मिलेगी यह अभी तक स्पष्ट नहीं है।

### नोटिस मिलने के बाद उजागर हुई गड़बड़ी

सहकारी समिति केरजू में पंजीकृत किसानों को ऋण जमा करने का नोटिस जारी किया गया था। इनमें दर्जनों किसान ऐसे थे जिन्होंने समिति से ऋण ही नहीं लिया था। बगैर ऋण लिए कर्जदार बना देने से परेशान किसानों ने स्थानीय स्तर पर शिकायत की थी। जांच की पहल नहीं होने पर उन्होंने कलेक्टर से मुलाकात कर शिकायत की थी। शिकायत के बाद जांच में गड़बड़ी उजागर हुई। पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के नेतृत्व में केरजू सहकारी समिति की कार्यशैली से परेशान किसानों ने कलेक्ट्रेट में कलेक्टर अजीत वसंत से मुलाकात की। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने मौके पर ही घोषणा की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## हमें सुरक्षित निकालकर भारत वापस लाएं, ईरान संकट के बीच भारतीय छात्रों की सरकार से गुहार

तेहरान। पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव का असर अब ईरान में पढ़ रहे भारतीय छात्रों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। ईरान के इस्फहान शहर में फंसे भारतीय छात्रों ने भारत सरकार से सुरक्षित निकासी की अपील की है। छात्रों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार तनाव और असुरक्षा के माहौल के कारण डर का माहौल बना हुआ है।

उन्होंने मांग की है कि हालात सामान्य होने तक उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए या भारत वापस लाने की व्यवस्था की जाए। इस्फहान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज में पढ़ रही भारतीय छात्रा फातिमा ने वीडियो संदेश जारी कर बताया कि इलाके में करीब 25 से 30 भारतीय छात्र मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि छात्र लगातार चिंता और अनिश्चितता के बीच रह रहे हैं। छात्रों ने सरकार से अनुरोध किया है कि उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। फातिमा ने बताया कि छात्र पहले लौटना चाहते थे, लेकिन पढ़ाई, परीक्षाओं और



अस्पताल की ट्रेनिंग के कारण वहां रुकना पड़ा।

### पढ़ाई और ड्यूटी के कारण फंसे छात्र

छात्रा के अनुसार विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए अगला सेमेस्टर ऑनलाइन करने की जानकारी दी है, जिससे उन्हें घर लौटने का विकल्प मिल सकता है। हालांकि अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए अस्पताल में रोजाना ड्यूटी करना अनिवार्य बताया गया है। इसी वजह से कई छात्र अभी भी ईरान में फंसे हुए हैं और तुरंत वापस नहीं आ पा रहे हैं।

### छात्रावास में रहने का दबाव और संसाधनों की कमी

छात्रों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने उन्हें छात्रावास से बाहर न निकलने की सलाह दी है और दूसरे छात्रावास में शिफ्ट होने का दबाव भी बनाया जा रहा है। कई छात्र परिसर के बाहर किराए के मकानों में रह रहे हैं और सीमित संसाधनों के सहारे गुजर-बसर कर रहे हैं। छात्रों का कहना है कि कई दुकानों के बंद होने और ऑनलाइन सेवाएं ठप होने से जरूरी सामान जुटाना मुश्किल हो गया है। फातिमा ने बताया कि हाल के दिनों में उनके इलाके के आसपास विस्फोट जैसी आवाजें सुनाई दीं, जिससे छात्रों में डर और बढ़ गया है। इंटरनेट सेवाओं में बाधा के कारण परिवारों से संपर्क करना भी मुश्किल हो गया है। भारत में मौजूद परिजन लगातार चिंता में हैं। छात्रों ने भारत सरकार से जल्द हस्तक्षेप कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने और स्थिति सामान्य होने तक मदद पहुंचाने की अपील की है।

## पहला कॉलम...

### पीएमश्री स्कूल की तिथि चौबे राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएगी अपना जौहर



डोंगरगांव (दावा)। नगर में संचालित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, डोंगरगांव की तिथि चौबे कक्षा-आठवीं की छात्रा ने ओपन स्टेट लेवल तीरंदाजी प्रतियोगिता के मिनी अंडर-15 वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय तथा क्षेत्र में खुशी का माहौल है। तिथि चौबे आगामी 1 अप्रैल से विजयवाड़ा (आंध्रप्रदेश) में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। जहां वे राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी। इस उपलब्धि पर विद्यालय के खेल शिक्षक हारून कुरैशी जिन्होंने उनका मार्गदर्शन किया तथा प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों ने तिथि चौबे को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की है कि तिथि आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन करेगी।

### ममता नगर में हुआ होलिका दहन



राजनांदगांव (दावा)। ममता नगर 2 मार्च संध्या प्रदोष काल के शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया गया। मिथिला पंचांग के अनुसार प्रदोष काल में भद्रा शुभ फलदाई होता है, इसलिए प्रदोष काल में होलिका दहन किया गया। इस अवसर पर अशोक चौधरी, ऋषि चौधरी, राहुल चौधरी और सब मस्त चौधरी परिवार एवं ममता नगर के तराने परिवार, साहू परिवार, तिवारी परिवार के लोग शामिल हुए। सबको होली की हार्दिक बधाई दी गई, रंग गुलाल 4 मार्च को खेला जाएगा।

### मानसिक रुप से विक्षिप्त महिला ने आग लगाकर की आत्महत्या

राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली क्षेत्र के स्टेशन पारा निवासी 27 वर्षीय महिला ने अपने घर अंदर दरवाजा बंद कर आग लगाकर आत्महत्या कर ली। चौकी चिखली प्रभारी कैलाश चंद्र मरई ने बताया कि उक्त महिला मानसिक रूप से परेशान रहा करती थी। उसकी विक्षिप्तता से मुहल्लेवासी परेशान थे। नवरात्रि के संबंध में उक्त मानसिक रूप से परेशान महिला की हरकतों के बारे में शिकायत की गई थी। बताया जाता है कि मानसिक रूप से विक्षिप्त उक्त महिला रानी लेखवानी के पति अनिल लेखवानी के गत दिनों निधन हो जाने से उसकी विक्षिप्तता और भी बढ़ गई थी। रविवार की रात लगभग 1 से डेढ़ बजे के बीच उक्त महिला अपने घर का दरवाजा बंद कर तथा अपने शरीर में आग लगा कर आत्महत्या कर ली । घटना होने पर उक्त महिला के परिवार वालों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंच कर महिला के जले हुए शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### श्रीमति सरोज जैन का निधन



डोंगरगांव (दावा)। स्थानीय निवासी श्रीमती सरोज जैन का आज निधन हो गया है, जो पवन जैन (शिक्षक) की पत्नी, भागचंद जैन (जैन मुंगोड़ी) की सुपुत्री, राजेश जैन (इंडिया परफेक्ट न्यूज) की बहन हैं। श्रीमती जैन अपने पीछे एक पुत्री एवं दो पुत्र सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास से आज 3 मार्च को सुबह 10:30 बजे मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार हेतु निकलेगी। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान की प्रार्थना की गई।

### शासकीय मुद्रणालय के सेवानिवृत्त कर्मचारी कमल यादव का निधन



राजनांदगांव (दावा)। लेबर कॉलोनी निवासी एवं कॉलोनी के वरिष्ठ सदस्य कमल यादव पिता स्व. बुधराम यादव का 1 मार्च रात्रि 8 बजे मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में उपचार के दौरान दुखद निधन हो गया। श्री यादव लगभग 64 वर्ष के थे एवं पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वे शासकीय मुद्रणालय के सेवानिवृत्त कर्मचारी थे और छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ जिला राजनांदगांव इकाई के सक्रिय सदस्य थे। अपने सरल, मिलनसार एवं सौम्य स्वभाव के कारण वे कॉलोनी में अत्यंत सम्मानित थे। वे स्व. मुन्नालाल यादव के छोटे भाई, बड़े भाई, विमल एवं राजा के चाचा तथा गोल्डी यादव के पिता थे। अपने पीछे वे धर्मपत्नी, पुत्र, पुत्री एवं नाती-पोतों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। स्व. यादव की अंतिम यात्रा उनके निज निवास लेबर कॉलोनी मकान नंबर 137 से 2 मार्च दोपहर 12:30 बजे लखोली मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।




श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल छत्तीसगढ़ी में




डार्लिंग प्यार झुकता नहीं अगेन
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# भक्त प्रह्लाद की जय-जयकार के साथ धूं-धूं कर जली होलिका

## चंद्रग्रहण के साये में सूतक से पहले हुआ दहन, शहर में सूखी होली और फाग गीतों की रही धूम

**राजनांदगांव (दावा)।** शहर सहित पूरे अंचल भर में 2 फरवरी सोमवार को शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया गया। इस दौरान पूजा-पाठ का भी वातावरण बना रहा। बता दें 3 फरवरी को चंद्र ग्रहण के मद्देनजर लोगों ने ग्रहण के 9 घंटे पहले होलिका दहन किया। शहर के सबसे पुराना होलिका ठौर बालाजी मंदिर गंज चौक के समीप होलिका दहन के लिए पूजा-अर्चना का माहौल बना रहा। महिलाएं हाथ में थाल लिए होलिका पूजन के लिए पहुंचकर लकड़ी व कंडो के विशाल ढेर में गंगाजल छिड़काव की और उसे मौली धागे से चारों ओर घेर कर उसमें कंडे माल्य सहित नवान्न गेहूं बाली अर्पित किए गए। महिलाओं द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद धूं-धूं कर जलती होलिका के चारों ओर परिक्रमा किया गया। इस दौरान भगवान श्री हरि विष्णु और भक्त प्रह्लाद की जय-जय कार की गूंज बनी रही। इस अवसर पर संध्या जहां ठंडी होली खेली गई वहीं बालाजी मंदिर के पुजारी हनुमान प्रसाद, दामू भूतड़ा, मनीष खंडेलवाल, नंदू भूतड़ा, मनोज भूतड़ा, विकास अग्रवाल आदि द्वारा गुलाल उड़ाकर सुखी होली भी खेला गया।

### विधि-विधान के साथ हुआ होलिका दहन

शहर के गायत्री शक्तिपीठ मंदिर प्रांगण में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ होलिका दहन किया गया, वहीं महाकाल मंदिर सिंघोला में भस्म आरती



के बाद होली जलाया गया, पाताल भैरवी मंदिर में बैगा ग्रुप की ढोल नगाड़ों की थाप के साथ होली जली वहीं लखोली नाका, जयस्तंभ चौक, महावीर चौक,व अन्यान्य स्थानों में विधि-विधान के साथ होली जलाई गई। क्षेत्र के वरिष्ठों व धर्मप्रेमी जनों के द्वारा पूजन व मंत्रोच्चार के बाद धूं-धूं कर होली जलते ही लोगों में उत्साह का वातावरण छा गया और बुराई पर अच्छाई व असत्य पर सत्य की जीत मानते हुए जमकर झूमते-नाचते हुए खुशियां मनाई गई। इस दौरान ढोल-नगाड़ों की थाप के बीच लोगों के कंठो से फाग के स्वर भी फूटे। लोगों ने सरारारा सुन ले मोर कबीर, रंग बरसे, भीगे चुनरिया, मन डोले रे मांघ फागुनवा, जोगी जी सरारारा आदि गीत गाकर तथा रंग-गुलाल उड़ाकर माहौल में होली का रंग चढ़ाया।

### होली पूर्व सूखी होली का चढ़ा सुरुर

इस बार फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी पर चंद्रग्रहण की छाया रही इसलिए 2 मार्च को होलिका दहन के बाद रगोंत्सव का पर्व होली नहीं मनाया जा सका। चूंकि चंद्रग्रहण के साए में कोई भी कार्य शुभ नहीं होता इसलिए रंगों का पर्व होली कल 4 मार्च को मनाया जा रहा है। इसे देखते हुए कई लोगों ने होलिका दहन के दिन ही सूखी होली खेल कर होली पर्व का आनंद लिया। शहर के आल इन वन कम्प्यूटर के लोगों ने बगैर रंगों के सूखी होली खेली और स्टाफ के लोगों में एक दूसरे में हर्बल गुलाल व विभिन्न रंगों को गुलाल लगाकर पर्व का आनंद लिया। आल इन वन कम्प्यूटर के कुलेश्वर रजक ने बताया कि, पानी बचाने के लिए बगैर रंगों के गुलाल वाली सूखी होली खेला जाना समय की मांग है। इसी तरह स्टाफ की भूमिका साहू व मोहनी रानी साहू ने सूखी होली पानी का दुरुपयोग होने से बचाने वाला बताया। वहीं फाउंडर करन साहू ने सूखी होली को हैप्पी होली बताते हुए रंगों की होली खेलने से बचने की सलाह दी और कहा कि, बड़े प्रेम से एक दूसरे के चेहरे पर गुलाल लगाकर सूखी होली त्योहार मनाने आपसी सद्भाव को दर्शाने वाला है।

## शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के छात्र दिव्यांश शांडिल ने बॉटनी में जीता स्वर्ण पदक, बढ़ाया महाविद्यालय का मान



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के मेधावी छात्र दिव्यांश शांडिल ने बॉटनी विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से महाविद्यालय परिवार तथा क्षेत्र में हर्ष का वातावरण व्याप्त है। दिव्यांश ने अपनी निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं दृढ़ लगन के बल पर यह सफलता अर्जित की है। अध्ययन के प्रति उनकी गंभीरता और लक्ष्य के प्रति अटूट समर्पण ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। सीमित संसाधनों और चुनौतियों के बावजूद उन्होंने अपने प्रयासों को कभी कम नहीं होने दिया तथा लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहे। दिव्यांश के माता-पिता ने उनकी इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, धैर्य और सकारात्मक सोच का प्रतिफल है। उन्होंने अपने पुत्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया कि वह आगे भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित कर परिवार, समाज एवं देश का नाम रोशन करें। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापकों ने भी दिव्यांश को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दिव्यांश भविष्य में उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम और ऊँचा करेंगे। दिव्यांश शांडिल की यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम का प्रमाण है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि दृढ़ निश्चय और सतत प्रयास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

## चलाने के शौक ने बनाया चोर : मोहारा पुलिस ने पकड़े दो नाबालिग, चोरी की बाइक बरामद



**घर के आंगन से पार की थी मोटर साइकिल, मुखबिर की सूचना पर पुलिस को मिली सफलता**

राजनांदगांव (दावा)। मोहारा पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र से चोरी हुई मोटर सायकल के चोरों को धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से हीरो सीडी डिलक्स क्रमांक सीजी-08/बीए 8614 को जप्त किया है। मामले की जानकारी देते हुए बताया गया कि, प्रार्थी जैनेंद्र सिंह राजपूत के द्वारा अपनी मोटर साइकिल को गत 26 फरवरी की रात्रि करीबन 10 बजे अपने घर आंगन में रखा था जिसे अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस पर जिला पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देश पर मोटर सायकल चोर अज्ञात आरोपी की मुखबीर लगाकर पतासाजी किया जा रहा था। इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि, मोटर सायकल क्रमांक सीजी -08/बीए 8614 को एक लड़का चला रहा है।

### मोटर सायकल चलाने की शौक ने कराया चोरी

पुलिस द्वारा मौके पर जाकर चोरी की गई मोटर सायकल को विधि से संघर्षरत बालक के कब्जे से बरामद किया गया, बालकों से पूछताछ करने पर अपने 2 अन्य नाबालिग साथियों के साथ मोटर सायकल चलाने की शौक के लिए चोरी करना स्वीकार किया। प्रकरण में 2 विधि से संघर्षरत बालको को अभिरक्षा में लेकर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया जहां से बालकों को बाल संप्रेषण गृह भेजा गया है।

## गढ़ुला में सेवा भाव के साथ मनाया गया अभिषेक सिंह का जन्मदिन : स्वच्छता अभियान चलाकर युवाओं ने दिया संदेश



**जनपद अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर एवं भाजपा नेताओं की मौजूदगी में कटा केक; गांव की गलियों में चलाया सफाई अभियान**

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम गढ़ुला में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह का जन्मदिन सेवा और स्वच्छता के संकल्प के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर गांव में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा बाद में केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रतिमा पप्पू चंद्राकर (जनपद पंचायत अध्यक्ष), मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्णा साहू, तेजराम देवांगन, जनपद सभापति पूर्णिमा साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। सुबह से ही युवाओं और कार्यकर्ताओं ने गांव की गलियों, चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की। नालियों की सफाई कर कचरे का उचित निस्तारण किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया और ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात आयोजित संक्षिप्त समारोह में अतिथियों की मौजूदगी में केक काटकर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह का जन्मदिन मनाया गया। सभी ने उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि जन्मदिन जैसे अवसरों को सामाजिक कार्यों से जोड़ना समाज के लिए प्रेरणादायक पहल है।

जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने कहा कि स्वच्छता ही स्वस्थ समाज की नींव है और ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्णा साहू ने युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि सेवा भाव ही सच्ची राजनीति का आधार है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं एवं युवाओं की सक्रिय सहभागिता रही। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह और सामाजिक एकता का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर जनपद सदस्य साकेत वैष्णव, दुगेंद्र साहू, पुष्पा सीके, जितेंद्र गायकवाड, ग्राम के सरपंच चित्रलेखा ठाकुर, उप सरपंच सुखीराम साहू, लालाराम देवांगन, महामंत्री बलराम निर्मलकर, हेमलाल साहू, टुकेश्वर साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

## नन्हे मुन्नों का दीक्षांत समारोह : नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल में गूंजी मात - पिता तुम्हें वंदन की स्वर लहरियां



**केजी-2 से पहली कक्षा में प्रवेश पर बच्चों ने पहनी हेट-गाउन, नई शिक्षा नीति के अनुरूप संस्कारों पर जोर**

राजनांदगांव (दावा)। नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल के केजी.2 के बच्चों का ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन बड़े उत्साह के माहौल में 28 फरवरी को नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग में सम्पन्न हुआ। सेरेमनी का आरंभ संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा माँ सरस्वती के तैलचित्र में दीप प्रज्ज्वलित व माल्र्यापण कर किया गया। उक्त कार्यक्रम में केजी-2 के बच्चों को शाला द्वारा विशेष वेशभूषा, हेट-गाउन पहनाया गया। इस आयोजन में इन छोटे बच्चों द्वारा अंग्रेजी व हिन्दी में भाषण एवं गीत भी प्रस्तुत किए गए। उक्त भाषण एवं गीतों को कक्षा शिक्षिकाओं द्वारा पंक्तिबद्ध एवं स्वरबद्ध किया गया था। उक्त गीतों में मात-पिता तुम्हें वंदन् व हिन्दी महिनों के नामों की संगीतमय प्रस्तुति सुन पालक भाव-विभोर हो उठे। इस आयोजन में सभी पालकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। उक्त अवसर पर संस्था के डायरेक्टर बाजपेयी द्वारा बच्चों को केजी-2 से क्लास-1 में जाने पर शुभकामनाएं एवं अशीर्वाद दिया गया। श्री बाजपेयी ने पालकों का आभार जताते हुए अपने उद्बोधन में पालकों को आश्वस्त कराया कि संस्था सदैव आपके बच्चों का उचित मार्गदर्शन एवं शिक्षा के साथ संस्कार देने हेतु पूर्ण जिम्मेदार रही है और रहेगी। नयी शिक्षा नीति के तहत बच्चों का समग्र विकास व गुणवत्ता एवं संस्कारयुक्त शिक्षा का उचित वातावरण शाला द्वारा दिया जाएगा। इस आयोजन में पालकों में हर्ष का माहौल देखते ही बना। इस सफल आयोजन के लिए श्री बाजपेयी ने शाला की पूरी टीम की सराहना की। उक्त कार्यक्रम एनपीपीएस-बल्देवबाग एचएम श्रीमती वैशाली सिंग के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। जिसमें डायेक्टर सुश्री कुंतल बाजपेयी, श्रीमती रेणु बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लई सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं समस्त स्टाफने अपनी सहभागिता निभाई तथा संस्था की ओर से सभी बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए सभी पालकों को उनकी इस उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

## बोर्ड परीक्षा की शुचिता पर प्रशासन की पैनी नजर : उड़नदस्ता दल ने 5 केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**गणित के पेपर में नहीं मिला एक भी नकल प्रकरण : डोंगरगांव, साल्हे और बादराटोला के केंद्रों में जांच**



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 के अंतर्गत जिले में प्रशासनिक मुस्तैदी देखने को मिल रही है। कलेक्टर जितेंद्र यादव, जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। 12वीं बोर्ड के गणित विषय की परीक्षा के दौरान जिले के 5 प्रमुख केंद्रों पर सघन जांच की गई। डीएमसी सतीश ब्यौहरे के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल ने स्वामी आत्मानंद स्कूल (सेजेस) डोंगरगांव, बालक स्कूल डोंगरगांव, साल्हे, चांदो एवं बादराटोला परीक्षा केंद्रों का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। जांच के दौरान सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित होती पाई गई।

निरीक्षण के दौरान राहत की बात यह रही कि किसी भी परीक्षार्थी के पास अनुचित साधन या नकल सामग्री प्राप्त नहीं हुई। टीम ने परीक्षा केंद्रों में पेयजल, समुचित प्रकाश व्यवस्था, प्रसाधन और फर्नीचर की उपलब्धता को भी परखा। साथ ही, बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रपत्रों और पंजियों का संधारण भी सही पाया गया। बढ़ती गर्मी को देखते हुए उड़नदस्ता दल ने केंद्र प्रभारियों को परीक्षा केंद्रों में ग्लूकोज, ओ.आर.एस. और प्राथमिक उपचार सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### गणित की परीक्षा के आंकड़े

जिले में 12वीं बोर्ड के गणित विषय में कुल 943 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिनमें से 940 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। जबकि 3 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इस दौरान टीम में एपीसी पीआर झाड़े और एपीसी कामिनी साहू भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## आबादी भूमि पर काबिज परिवारों का भी होगा पक्के मकान का सपना सच, निगम ने मांगे आवेदन

**प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत मिलेंगे 2.50 लाख रुपए, 31 अगस्त 2024 के पूर्व से निवासरत होना अनिवार्य**

राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक निगम राजनांदगांव ने शहर के उन परिवारों को बड़ी सौगात देने की तैयारी कर ली है, जो लंबे समय से आबादी भूमि (प्रचलित एवं संरक्षित) पर निवास कर रहे हैं। शासन के निर्देशानुसार, अब ऐसे परिवारों को भी प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के बीएलसी घटक के तहत स्वयं की भूमि पर पक्का आवास निर्माण के लिए 2.50 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि निकाय क्षेत्र के अंतर्गत आबादी भूमि पर काबिज पात्र हितग्राहियों को योजना के द्वितीय चरण में सम्मिलित किया जा रहा है। इस संबंध में जिले के नजूल और अनुविभागीय अधिकारी से खसरा नंबर और वार्डवार आबादी भूमि की विस्तृत जानकारी मांगी गई है। जानकारी प्राप्त होते ही निगम की सर्वेक्षण और जांच समिति द्वारा पात्र परिवारों का चिन्हांकन कर आवास निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### किसे मिलेगा लाभ और कैसे करें आवेदन?

योजना का लाभ लेने के लिए हितग्राही को निम्नलिखित पात्रता और शर्तों को पूरा करना होगा। हितग्राही संबंधित भूमि पर 31 अगस्त 2024 के पूर्व से निवासरत होना चाहिए। भूमि पर काबिज होने का साक्ष्य जैसे– अस्थायी या कालातीत पट्टा, बिजली बिल की रसीद, संपत्तिकर या समेकित कर की रसीद। संबंधित भूमि विवाद मुक्त होनी चाहिए। पात्र हितग्राही नगर निगम के कक्ष क्रमांक 19 में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

### बैंक खाते में आएगी राशि

आयुक्त ने स्पष्ट किया कि आवेदन के परीक्षण के बाद पात्र पाए गए हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए चरणबद्ध तरीके से राशि दी जाएगी। यह राशि जियो टैगिंग की स्वीकृति के उपरांत स्पर्श पद्धति से सीधे हितग्राही के आधार लिंक्ड बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी। निगम प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि जिनके पास अपनी भूमि का कब्जा तो है लेकिन पक्का मकान नहीं है। वे जल्द से जल्द आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन करें, ताकि शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाकर वे अपना पक्का आवास बना सकें।

### शुभांक

अनुमानित

**बी. के**
2-5-7
137-1 148-3

**राजधानी**
3-5-9
130-4 269-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202603093700005 अ-6 वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रविन्द्र कुमार जैन आ. स्व. कंवरलाल जी पारख, निवासी ढीमरपारा, राजनांदगांव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव मोहल्ला किलापारा स्थित शीट क्रमांक 37 सी, भूखण्ड क्रमांक 97, क्षेत्रफल 75.00 वर्गमीटर जो धारकगण प्रमोद कुमार पारख, रविन्द्र कुमार जैन, प्रमिला आ. स्व. कंवरलाल पारख, निवासी-ढीमरपारा, राजनांदगांव के नाम पर दर्ज है, पर पंजीकृत हकत्याग पत्र के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 23.03.2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच, राजनांदगाँव**

# चैत्र नवरात्रि मेला : श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 19 मार्च से प्रारंभ हो रहे चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में आयोजित मेले में श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों की सुविधा एवं कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता बघेल एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती अंकित शर्मा उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में दूर-दराज से लाखों की संख्या में दर्शनार्थी श्रद्धा एवं आस्था के साथ पहुंचते है। चैत्र नवरात्रि मेले में श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक व्यवस्था होनी चाहिए।

सभी को माँ बम्लेश्वरी की सेवा करने का अवसर मिला है। सेवा भावना के साथ कार्य करने पर थकान नहीं होगी। उन्होंने कहा कि माँ बम्लेश्वरी की ख्याति एवं शक्ति को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी अधिकारियों को समन्वित तरीके से कार्य करने कहा। पेयजल एवं विद्युत की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मेले के दौरान निर्बाध रूप से विद्युत प्रवाह चालू रहे। उन्होंने कहा कि माँ बम्लेश्वरी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के लिए स्वयं सेवी संस्थाएं सेवा पंडाल लगाएंगे। जहां श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों की सुविधा, विश्राम, चाय-नाश्ता, भोजन की सुगम व्यवस्था करने के लिए कहा। उन्होंने मेला स्थल एवं मंदिर परिसर एवं सीढ़ियों पर साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। अंजोरा से अछोली तक सेवा पंडाल लगाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मात्रा में ओआरएस घोल एवं आवश्यक दवाई रखने के निर्देश चिकित्सा विभाग को दिए। उन्होंने कहा कि पदयात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के पैरों में छाले पड़ने की संभावना को देखते हुए मरहम पट्टी रखने के लिए कहा।

कलेक्टर ने कहा कि डोंगरगढ़ के ऊपर एवं नीचे मंदिर में डॉक्टर एवं पैरा मेडिकल स्टॉफ आवश्यक दवाईयों के साथ तैनात रहेंगे। मेले की संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। उन्होंने रोपवे के फिटनेस सर्टिफिकेट एवं मेले की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।




**डोंगरगढ़ मेले के लिए कलेक्ट्रेट में मैराथन बैठक, प्लास्टिक मुक्त डोंगरगढ़ और 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाओं के निर्देश**

कलेक्टर ने डोंगरगढ़ मेला स्थल के आस-पास साफ सफाई कराने के लिए कहा।

उन्होंने एसडीएम एवं एसडीओपी को समन्वित तरीके से कार्य करने के लिए कहा। डोंगरगढ़ को प्लास्टिक मुक्त करने तथा मंदिर परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला स्थल पर पार्किंग, यातायात, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सेवा पंडालों में पदयात्रियों के लिए दवाई, मरहम-पट्टी, ओआरएस घोल एवं अन्य चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंनें खाद्य एवं सुरक्षा विभाग को मिष्ठान एवं अन्य खाद्य पदार्थों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती अंकिता शर्मा ने कहा कि माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। मंदिर परिसर, मेला तथा अन्य स्थानों पर पुलिस बलों की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से मंदिर एवं मेला स्थल की सतत निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में पदयात्रियों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए रौशनी की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए।

उन्होंने ट्रस्ट के सदस्यों से रोपवे के फिटनेस तथा मेंटेनेंस के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मंदिर की सीढियों पर पुलिस बल की ड्यूटी रहेगी। पेड़ों में रिफलेक्टर लगाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि क्विक रिस्पांस टीम के माध्यम से मेला स्थल की सतत निगरानी की जाएगी। उन्होंने पदयात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था एवं ट्रैफिक व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

दुर्घटना जन्य क्षेत्रों में आवश्यक रेडियम, संकेतक, अस्थायी गति अवरोधक लगाने के लिए कहा। असामाजिक तत्वों की पहचान कर उन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आवागमन एवं यातायात तथा अन्य सुविधाओं के दृष्टिगत जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, ट्रस्ट के पदाधिकारियों व सदस्यों, सेवा पंडाल संचालकों, सभी ने चैत्र नवरात्रि मेले के सुचारू संचालन के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, एसडीएम डोंगरगढ़ एम भार्गव, एसडीएम राजनांदगांव गौतम पाटिल, एसडीओपी डोंगरगढ़ केसरी नंदन नायक, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, ट्रस्टी महेन्द्र भाई पटेल, योगश अग्रवाल, गौतम चोपड़ा, सुनील मुंदड़ा, नगर पालिक परिषद डोंगरगढ़ के अध्यक्ष रमन डोंगरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, ट्रस्ट के पदाधिकारी व सदस्य, सेवा पंडाल संचालक उपस्थित थे।

## हाईकोर्ट बिलासपुर में विशेष न्यायिक प्रशिक्षण : राजनांदगांव से जिला लोक अभियोजक राजेश खाडेकर हुए शामिल

**मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा की उपस्थिति में संपन्न हुआ कार्यक्रम, फास्ट ट्रैक अदालतों के कामकाज पर रहा जोर**



राजनांदगांव (दावा)। न्यायदान की प्रक्रिया को अधिक सुदृढ़ और त्वरित बनाने के उद्देश्य से हाईकोर्ट बिलासपुर के न्यायिक प्रशिक्षण केंद्र में एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 1 मार्च को आयोजित इस उच्च स्तरीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्य न्यायाधीश माननीय रमेश सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस महत्वपूर्ण सत्र में राजनांदगांव जिला न्यायालय का प्रतिनिधित्व करते हुए जिला लोक अभियोजक राजेश खांडेकर सम्मिलित हुए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य केंद्र छत्तीसगढ़ राज्य के फास्ट ट्रैक कोर्ट और फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट की कार्यप्रणाली रही। कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश एवं अन्य न्यायमूर्तिगण ने न्यायाधीशों, लोक अभियोजकों, जिला अभियोजन अधिकारियों और विवेचना अधिकारियों को केसों के त्वरित निराकरण और साक्ष्यों के सही प्रस्तुतीकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। हाईकोर्ट द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य अभियोजन और विवेचना के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है ताकि गंभीर अपराधों में पीड़ितों को जल्द न्याय मिल सके। कार्यक्रम में राज्यभर से आए वरिष्ठ विधिक विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए। राजनांदगांव से जिला लोक अभियोजक राजेश खांडेकर की इस प्रशिक्षण में उपस्थिति जिले के विधिक कार्यों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

इस प्रशिक्षण से प्राप्त तकनीकी जानकारियों और न्यायिक बारीकियों का लाभ आगामी समय में स्थानीय स्तर पर अभियोजन कार्यों में देखने को मिलेगा।

## जनगणना 2026-27 की तैयारी: नगर निगम में मकान सूचीकरण और नंबरिंग का प्रशिक्षण संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। भारत की आगामी जनगणना 2026-27 के प्रारंभिक चरणों को सुव्यवस्थित ढंग से पूरा करने के लिए नगर पालिक निगम राजनांदगांव ने अपनी कमर कस ली है। शासन के निर्देशानुसार, जनगणना के प्रथम चरण यानी मकान सूचीकरण कार्य के लिए नगर निगम के टाउन हॉल में एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की उपस्थिति में आयोजित इस सत्र में अधिकारियों और कर्मचारियों को भवन नंबरिंग की बारीकियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में जानकारी दी गई कि राज्य शासन द्वारा मकान सूचीकरण का कार्य 1 मई से 30 मई तक निर्धारित किया गया है। यह कार्य पूरी तरह चरणबद्ध होगा और 30 दिनों की इस निश्चित अवधि में ही संपन्न किया जाना है। जनगणना कार्य की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए भवन नंबरिंग को सबसे महत्वपूर्ण कड़ी बताया गया है।

### मास्टर ट्रेनर ने दी तकनीकी जानकारी

जिला मास्टर ट्रेनर दीपक ठाकुर ने अधिकारियों को प्रशिक्षित करते हुए बताया कि जनगणना के लिए सबसे पहले मकानों की सूची तैयार की जाएगी और प्रत्येक वार्ड के भवनों को क्रमवार नंबर दिए जाएंगे। इन्हीं नंबरों के आधार पर आगे चलकर जनगणना ब्लॉक का निर्धारण होगा। यह पूरा कार्य वार्ड के प्रभारी उप-अभियंताओं के सीधे मार्गदर्शन में किया जाएगा।

### लापरवाही की गुंजाइश नहीं : आयुक्त

आयुक्त ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। जिसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि भवन नंबरिंग का कार्य पूरी गंभीरता से किया जाए ताकि शहर का कोई भी मकान या भवन गणना से न छूटे। उन्होंने सभी को सौंपे गए दायित्वों को समय सीमा के भीतर पूर्ण करने की हिदायत दी। प्रशिक्षण के दौरान प्रभारी कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम, राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी, प्रभारी सहायक अभियंता गरिमा वर्मा व सुश्री सुषमा साहू, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा सहित सभी अभियंता और निगम के मैदानी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हरा सोना की चमक बढ़ाएगा सही शाख कर्तन : डोंगरगांव में प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न



डोंगरगांव (दावा)। जिला यूनियन राजनांदगांव के तत्वावधान में एवं प्रबंध संचालक जिला यूनियन राजनांदगांव एवं वन मंडलाधिकारी राजनांदगांव के निर्देशन में वन परिक्षेत्र खुज्जी, डोंगरगांव में एक दिवसीय तेंदूपत्ता शाखकर्तन प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। इस आयोजन में शाख कर्तन की बारीकियों को उपस्थित अनुभवी अधिकारियों व्दारा समझाया गया। सही तरीके से शाख कर्तन करने से विभाग को अच्छी किस्म की तेंदूपत्ता प्राप्त होती है। जिसका लाभ शासन-प्रशासन को होता है। इस गरिमामय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रशांत कोड़ापे वन सभापति जिपं राजनांदगांव, रंजिता पटौती अध्यक्ष जपं डोंगरगांव, जागृति चुन्नी यदु जिपं सदस्य राजनांदगांव, रमेश खंडेलवाल पूर्व अध्यक्ष जिला यूनियन राजनांदगांव, नरेश शुक्ला अध्यक्ष प्राथमिक लघु वनोपज समिति आसरा, शेरसिंह रावटे अध्यक्ष प्रथमिक लघु वनोपज समिति परेवाडीह आदि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर श्री कोड़ापे ने अपने उद्बोधन में कहा कि वन विभाग का हरा सोना तेंदूपत्ता की अच्छी गुणवत्ता के लिए सही तरीके से शाख कर्तन किया जाना नितांत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने उपस्थित लोगों से वनों में आग नहीं लगाने की अपील की एवं आग लग जाने की स्थिति में तत्काल वन विभाग को सूचना देकर आग बुझाने का प्रयास करने कहा। वन विभाग की ओर से योगेंद्र गंडेचा सहायक प्रबंध संचालक जिला यूनियन राजनांदगांव ने शाखकर्तन को लेकर विस्तार से जानकारी दी। वन परिक्षेत्र अधिकारी खुज्जी आकाश ठाकुर ने एलईडी स्क्रीन में वीडियो प्रसारित कर शाख कर्तन को बताया। इस अवसर पर प्रभारी परिक्षेत्र अधिकारी खुज्जी लोकेश गिलहरे सहायक वन संरक्षक एवं प्रभारी परिक्षेत्र अधिकारी राजनांदगांव, प्रवीण कुमार देहारे प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल, मीनाक्षी गणवीर प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल, मुक्तेश्वर वर्मा सहायक परिक्षेत्र अधिकारी खुज्जी, शकुंतला वैष्णव सहायक परिक्षेत्र अधिकारी कुमरदा एवं समस्त बीट फॉरेस्ट ऑफिसर्स उपस्थित रहे एवं समस्त पोषक अधिकारी, समस्त प्रबंधक एवं समस्त फड़ मुंशी एवं मीडिया के साथी उपस्थित रहे।

## होली पर हुड़दंगियों और बदमाशों की खैर नहीं : डोंगरगांव पुलिस ने चाकू के साथ एक आरोपी को दबोचा



डोंगरगांव (दावा)। होली त्यौहार में आम जनता की सुरक्षा, कानून व्यवस्था एवं अपराध अंकुश लगाने उच्चाधिकारियों के निर्देशन में थाना डोंगरगांव क्षेत्र में असामाजिक तत्वों एवं बदमाशों पर लगातार कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में रविवार को बस स्टैण्ड में एक व्यक्ति धारदार चाकू लेकर घूम रहा था। जिससे लोगों में भय का माहौल बन रहा था। पुलिस को सूचना मिलने पर डोंगरगांव थाना ने तत्काल कार्यवाही करते हुए पुराना बस स्टैण्ड डोंगरगांव के पास घेराबंदी कर इस व्यक्ति को पकड़ा गया। इस व्यक्ति का नाम पता पूछने पर अपना नाम दीपक पिता रूखनाथ डोंगरे उम्र 50 साल निवासी वार्ड न 23 उड़िया मोहल्ला प्रभात नगर राजनांदगांव बताया गया। जो अपने हाथ में एक धारदार स्टील का नुकीला चाकू रखा हुआ था। जिसे आरोपी के कब्जे से बरामद कर आरोपी विरूद्ध तत्काल कार्यावाही कर अपराध क्रमांक 63/26 धारा 25 आर्म्स एक्ट का अपराध कायम कर न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर थाना प्रभारी डोंगरगांव, प्रधान आरक्षक 152 सुरेश सिंह राजपूत, आरक्षक 1673 ओकार कुर्रे एवं आर. 1720 आशाराम ध्रुव की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## नारी शक्ति को समर्पित होगी इस वर्ष की पदयात्री सेवा : बागेश्वर धाम मंदिर में बनी भव्य कार्ययोजना



**माँ बम्लेश्वरी के दरबार में सजेगा संयुक्त सेवा पंडाल : महाआरती, जसगीत और स्वल्पाहार से होगी भक्तों की सेवा**

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी की हिन्दू सनातन धर्म सेवा संस्कार के अनुरूप प्रति नवरात्रा अनुसार माँ बमलेश्वरी जाने वाले पदयात्रीयों की सेवा बेहतर रूप से इस चैत्र नवरात्र मे किए के उद्देश्य से मां बम्बलेश्वरी देवी संयुक्त पदयात्री सेवा पंडाल बागेश्वर धाम मंदिर में बैठक आयोजित की गई। जिसकी जानकारी देते हुए पंकज गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, सूरज गुप्ता, योगेश साहू, सौरभ गुप्ता ने बताया कि माता अराधना के इस पर्व को इस वर्ष के नवरात्र में नारीशक्ति का समर्पित किया गया है। नगर की अनेक समाज धर्मसेवी संस्थाओं, नागरिकों द्वारा संयुक्त रूप से मां बम्लेश्वरी जाने वालो पदयात्रियों के उनके विश्राम, स्वल्पाहार, भोजन, प्रसादी चिकित्सा सेवा, मोबाइल चार्जिंग सहित अन्य सुविधाएं प्रदान की जाती है। उसके अनुरूप ही उत्कृष्ट सेवा प्रदान किया जाने हेतु बैठक रखी गई। बैठक का आरंभ माँ बमलेश्वरी की आरती से की गई। जिसके पश्चात श्रीमती शारदा तिवारी, डॉ. डीसी जैन, राकेश ठाकुर (शनिधाम), संतोष पटाक (सनातन धर्मसभा), श्रीमती शोभा चोपड़ा, ममता शर्मा, प्रतिभा खंडेलवाल आदि के द्वारा अपने विचार रखे गए। जिसमें पदयात्रियों की सेवा के साथ-साथ बागेश्वर धाम मंदिर मे मां बम्लेश्वरी के स्थापित दरबार में प्रतिदिन 7.30 बजे महाआरती के साथ-साथ पंचमी से लेकर नवमी तक नारी शाक्यिों द्वारा विभिन्न धार्मिक आयोजन भजन, जसगीत, मंगल पाठ आदि किए जाएंगे। जिस हेतु सर्वसम्मती से आयोजन समिति में सेवा संरक्षक श्रीमती शारदा तिवारी, सोहन लाल गुप्ता, रामावतार जोशी, संयोजक मौसमी शर्मा, प्रज्ञा गुप्ता, सविता जोशी, सुषमा सिंह, मोना गोसाई, शोभा चोपड़ा, जनक बाई गुप्ता, टीना खंडेलवाल को बनाया गया है। आयोजन समिति का पुरूष वर्ग में अध्यक्ष भावेश अग्रवाल (गंगई) महिला अध्यक्ष श्रीमती मधु खंडेलवाल होगी तथा कार्यकारिणी को विस्तार कर विस्तृत सेवा कार्यकारिणी बनाई जाएगी। संयुक्त सेवा पंडाल के समस्त सेवा सदस्यों पदाधिकारियों द्वारा संस्कारधानी में हिन्दू सनातन धर्म सेवा संस्कार से जुड़ने व इस धार्मिक सेवाभावी आयोजन में सेवा सहयोग, माता आराधना, धार्मिक आयोजनों में शामिल होने का आग्रह किया है। बैठक में मुख्य रूप से विजय गुप्ता, शरद गुप्ता, संजय अग्रवाल, लक्ष्मी गुप्ता, लक्ष्मी शर्मा, अजय गुप्ता, अर्चना अग्रवाल, लता महोबिया, महेश शर्मा, अनीता फांसीस, माया अग्रवाल, पुष्पा यादव, तुईसा बांदिले, यशोदा गुप्ता, पन्ना ठाकुर, राज गुप्ता, विकास गुप्ता, दुर्गा गुप्ता, वंदना गुप्ता, चंचल गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। बैठक के अंत में लोक भजन गायिका श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता द्वारा भजन से बैठक का समापन किया गया। आभार प्रर्दशन भावेश अग्रवाल द्वारा स्वागत भाषण संचालन पंकज गुप्ता व सौरभ खंडेलवाल द्वारा किया गया।

## लावारिस मिले व्यक्ति की उपचार के दौरान हुई मृत्यु



डोंगरगढ़ (दावा)। गत 26 फरवरी को स्टेशन चेकिंग दौरान सिटी बुकिंग काउंटर डोंगरगढ़ के पास एक बीमार व्यक्ति बैठा मिला। जिसे स्वांस लेने मे दिक्क़त आ रही थी। उचित उपचार हेतु 112 से सीएचसी डोंगरगढ़ भेजा गया। डॉक्टर द्वारा मेडिकल कालेज हास्पीटल पेण्ड्री राजनांदगाव ईलाज हेतु रिफर करने से 108 से भेजा गया। जहाँ उपचार के दौरान उक्त बीमार व्यक्ति की मौत हो गई।अस्पताल मेमो पर जीआरपी थाना डोंगरगढ़ मे मर्ग क्रमांक 08/26 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर जांच मे लिया गया है। अज्ञात मृतक का नाम वारिसान के बारे मे कोई पता नहीं चला है। आमजनों से अपील की गई है कि, जानकारी होने पर जीआरपी थाना डोंगरगढ़ मो.नं. 9479191506 पर सूचित करें।

## भोथीपार खुर्द में रक्तदान, स्वास्थ्य व यातायात शिविर का सफल आयोजन




**पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के जन्मदिन पर आयोजित**

राजनांदगांव (दावा)। जनपद पंचायत राजनांदगांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत भोथीपार खुर्द में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान, स्वास्थ्य परीक्षण एवं यातायात जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सुबह से ही ग्राम पंचायत परिसर में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी और लोगों ने उत्साहपूर्वक शिविर में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लगभग 200 ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मरीजों की सामान्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर तथा अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। वहीं यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगाए गए विशेष काउंटर में 34 लोगों ने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाकर नियमों के प्रति जागरूकता दिखाई। रक्तदान शिविर में युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कुल लगभग 60 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्तदाताओं को हेलमेट एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे सड़क सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश भी दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत के समस्त पदाधिकारी, जनपद सदस्य एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच जितेंद्र साहू ने कहा कि रक्तदान महादान है। नियमित रक्तदान करने से शरीर में आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित रहती है। जिससे हृदय स्वास्थ्य बेहतर होता है और हृदय रोग व स्ट्रोक का खतरा कम हो सकता है। उन्होंने बताया कि कई बार दुर्घटना या गंभीर बीमारी की स्थिति में मरीजों को तत्काल रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे समय में स्वैच्छिक रक्तदाता ही जीवनरक्षक साबित होते हैं। ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी और सामूहिक सहयोग से यह शिविर न केवल सेवा का माध्यम बना, बल्कि स्वास्थ्य और यातायात जागरूकता का भी प्रभावी संदेश देने में सफल रहा।

कार्यक्रम ने सामाजिक एकता और मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करने का कार्य किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, छात्र युवा मंच के संयोजक नागेश यदु, सरपंच संघ अध्यक्ष जितेंद्र साहू, उपसरपंच पशपाल साहू, जनपद सभापति प्रतिनिधि अभिषेक चंद्राकर, जागेश्वर सिन्हा, पंच प्रीति साहू, झुनिया विश्वकर्मा, हेमलता साहू, टाकेश्वरी साहू, जीरा बाई साहू, भानमती साहू, का सहयोग रहा। रक्तदान करने वाले भोथीपार खुर्द नया से हरीश साहू, तेजराम साहू, जितेंद्र साहू, उमेश साहू, रितिक साहू, इंद्रजीत साहू, सूर्य कुमार, मनीष महार, बीजे साहू, गोपाल साहू, नकुल साहू, कुलेश विश्वकर्मा, घनश्याम साहू, ललित साहू, झम्मन साहू, तुमेश कुमार, नंदकिशोर विश्वकर्मा, मेघनाथ कौशिक, खिलावन साहू, गोविंद साहू, बालेश्वर साहू, संजू देवांगन, रितेश सिन्हा, लोकेश साहू, पाशपाल साहू, दुर्गेश यादव धमनसरा, श्रीमती खिलेश्वरी साहू सुरगी,संतोष साहू मुड़पार, चुम्मन आलिखूंटा, विजय पाल बंकाल, संदीप साहू सुंदरा, साहिल यादव, डोमन साहू सेवादास साहू डोडिया, सत्य साहू मुड़पार, लोकेश कुमार, मोहित देव सिंगोला, संदीप साहू रानीतराई, रोशन साहू भोथीपार, मुकेश साहू राजनांदगांव, लोगों ने रक्तदान किया।सरपंच संघ अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग,पुलिस प्रशासन, मीडिया, और सभी रक्तदाताओं का शिविर में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## अवैध शराब पर आबकारी और आरपीएफ का शिकंजा : रेलवे स्टेशन और बरनालाकला में बड़ी कार्रवाई



**7.680 लीटर महाराष्ट्र निर्मित शराब और 1000 किलो महुआ लाहन जप्त, आरोपी गिरफ्तार**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि आबकारी विभाग राजनांदगांव एवं रेल्वे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव की संयुक्त कार्रवाई में रेल्वे स्टेशन राजनांदगांव के प्लेट फार्म नंबर 1 पर भिलाई पावर हाऊस संतोषी पारा वार्ड नंबर 24 थाना भट्टी जिला दुर्ग निवासी कौशल से 1 नग एमसी डोवेल्स नंबर 1 व्हिस्की 750 एमएल, 2 नग मैजिक मोमेंट व्हिस्की प्रत्येक 750 एमएल, 2 नग रॉयल चैलेंजर व्हिस्की प्रत्येक 90 एमएल, 1 नग देश दारू मीठी सौंप 750 एमएल, 6 नग देशी दारू फिरकी संत्री प्रत्येक 750 एमएल, 1 नग देशी दारू सेवन स्टार पंच 750 एमएल कुल 7.680 बल्क लीटर मदिरा जप्त किया गया। आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक वृत्त राजनांदगांव (पूर्व) दिलीप कुमार प्रजापति, निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव तरूणा साहू, आबकारी मुख्य आरक्षक आबकारी दीपक गुप्ता, आबकारी आरक्षक प्रदीप यादव, आबकारी आरक्षक ओमप्रकाश सिंह, आबकारी आरक्षक आर्यन ठाकुर सहित रेलवे सुरक्षा बल जवान शामिल थे।

इसी तरह आबकारी विभाग की टीम द्वारा ग्राम बरनालाकला नाला के किनारे अज्ञात 100 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 1000 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक वृत्त डोंगरगढ़ अनिल कुमार सिंह, आबकारी आरक्षक भोजराज बंजारे व मोहनराव, अश्विनी शुक्ला, रोहित टेंभुरकर, लोकेश वर्मा शामिल थे। आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। जिले में अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम के लिए होटल, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। सभी वृत्त प्रभारियों को होटल, ढाबों की नियमित जांच करने एवं अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।

## अनमोल दावा

**बीते हुए कल को आज पर ज्यादा हावी न होने दें।**

## विकसित छत्तीसगढ़ का स्वप्न, भाजपा सरकार गठन का तीसरा साल

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार ने अपने गठन के तीसरे वर्ष में प्रवेश किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 'मोदी की गारंटी' के तहत पीएम आवास स्वीकृति, माओवाद उन्मूलन, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और औद्योगिक विकास पर जोर दिया।

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार गठन के तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव 2023 में जनता ने हम पर जो भरोसा जताया, उसे पूरा करने के लिए हमने जिस राजनीतिक प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया, उससे प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर में बदलाव देखा जा सकता है। गरीब, किसान, महिलाएं, जनजातीय समाज का कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता में है।

हमने सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक में 'मोदी की गारंटी' के अनुरूप 18 लाख से अधिक जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति का निर्णय लिया। पीएम आवास से जुड़ी फाइल को जब हमारी कैबिनेट स्वीकृति दे रही थी, वह पल मेरे लिए अत्यंत भावुकता से भरा था। हम अंत्योदय के जिस विचार को लेकर आगे बढ़ते हैं, उसे साकार होते देखना प्रेरणादायी है। छत्तीसगढ़ देश की इकोनमी का इंजन है। बावजूद इसके माओवाद ने हमारी विकास यात्रा को काफी बाधित किया था। अब हम इसको जड़ से उखाड़ फेंकने के करीब हैं।

ऊर्जा आत्मनिर्भरता : प्रधानमंत्री के ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को पूरा करने में छत्तीसगढ़ की अहम भूमिका है। अभी हमारा राज्य विद्युत उत्पादन में देश में दूसरे स्थान पर है, जबकि वर्ष 2030 तक हम पहले स्थान पर आ जाएंगे। हमारे राज्य की कुल भूमि का 44 प्रतिशत वन क्षेत्र है, जो हमें फारेस्ट इकोनमी के असीमित अवसर प्रदान करता है। राज्य निर्माण के समय हमारी अर्थव्यवस्था का हिस्सा खनन उद्योग में ही केंद्रित था, लेकिन अब हम खाद्य प्रसंस्करण से लेकर सेवा और आइटी जैसे नए क्षेत्रों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ पहला राज्य है, जहां लिथियम ब्लाक की सफलतापूर्वक नीलामी की गई है। सेमीकंडक्टर कारखाना और एआइ डाटा सेंटर पार्क ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के प्रवेश द्वार बनेंगे।

नई औद्योगिक नीति के जरिए इंडस्ट्री फ्रेंडली नीतियां लेकर आए हैं। अब राज्य में उद्योग लगाने वाले लोगों को सरकारी विभागों से मंजूरी के लिए चक्कर काटने की जरूरत नहीं है, सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 के जरिये सभी आवश्यक मंजूरी एक क्लिक पर मिल रही है। राज्य सरकार युवाओं को पारदर्शी, समयबद्ध और नियमित भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में अब सरकारी भर्ती परीक्षाओं का वार्षिक कैलेंडर जारी किया जा रहा है, ताकि युवाओं को स्पष्ट जानकारी मिल सके और अनिश्चितता समाप्त हो।

विकसित भारत का लक्ष्य :- हमारी सरकार के लिए सुशासन अंत्योदय के लक्ष्य को साकार करने का मूल मंत्र है। हमने पिछले दो वर्षों में पारदर्शी और परिणाम आधारित शासन देने की दिशा में कई ठोस कदम उठाए हैं। ई-गवर्नेंस की ताकत को पहचानते हुए हमने प्रशासनिक प्रणाली में उत्तरदायित्व को बढ़ाया है। टिकाऊ विकास के लिए तात्कालिक समाधान के साथ ही दीर्घकालिक कार्य योजनाएं जरूरी होती हैं। हमने विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए छत्तीसगढ़ अंजोर विजन-2047 डाक्यूमेंट तैयार किया है। इसमें उद्योग, शिक्षा, कौशल विकास, एमएसएमई, पर्यटन, चिकित्सा समेत अलग-अलग क्षेत्र को चिन्हित करके उनके विकास के लिए चरणबद्ध रणनीति और मिशन तैयार किए हैं।

लोगों को सुविधाजनक जीवनशैली तथा उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री ने ईज आफ लाइफ और ईज आफ बिजनेस का मंत्र दिया। सरकारी विभागों में ई-आफिस के जरिये कामकाज में कई गुना तेजी और पारदर्शिता आई है। यह नवाचार कागज की बर्बादी भी रोकता है। हमारे प्रदेश की पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के जरिये आधार, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड तथा बैंकिंग जैसी बुनियादी सुविधाएं लोगों तक एक क्लिक पर ही पहुंच रही हैं। रजिस्ट्री और नामांकन जैसी प्रक्रिया को हमने आसान बनाया है। न्यूनतम शासन, अधिकतम प्रशासन की दिशा में आगे बढ़ते हुए हमने पिछले डेढ़ साल में चार सौ से अधिक नीतिगत और प्रशासनिक सुधार किए हैं।

# हिरण्यकश्यप मरते नहीं



**विजय मिश्रा "अमित"**

होलिका दहन की रात भोजनोंपरांत मैं कॉलोनी के गार्डन में टहल रहा था। तभी मैंने देखा गार्डन में बने चबूतरे पर कोई व्यक्ति बैठा हुआ है। वेशभूषा से वह राजा महाराजा प्रतीत हो रहा था। साहस करके मैं उसके करीब गया और कंधे पर हाथ रखते हुए पूछा- इतनी रात गए आप अकेले अंधेरे में बैठे हैं। कौन हैं आप ? देखने में तो रामलीला के कलाकार लगते हैं। इस समय तो आपको रामलीला के मंच पर होना चाहिए था। यहां भाग कर आए हैं क्या ? निर्देशक के साथ कोई लड़ाई झगड़ा हो गया है ?

मेरे इस सवाल पर राजा महाराजा की भांति दिखने वाला वह व्यक्ति सिर उठाकर घूरते हुए बोला-मैं रामलीला का पात्र नहीं हूं। मैं राजा हिरण्यकश्यप हूं। उसके इस जवाब से मैं भौचक्का रह गया। मैंने कहा-वही हिरण्यकश्यप जो भक्त प्रह्लाद के पिता हैं। तब उसने कहा-हां, मैं वही असुर सम्राट हिरण्यकश्यप हूं। इस पर अपने कदम पीछे हटाते हुए मैंने फिर सवाल किया-आपको तो नरसिंह भगवान ने मार दिया था, तो क्या आप धरती पर दोबारा अवतरित हुए हैं ? इस पर हिरण्यकश्यप ने ठहाका लगाते हुए कहा-हिरण्यकश्यप कभी मरते नहीं। हर युग में उनका अस्तित्व सर्वत्र बना रहता है। वे रूप बदल बदल कर मानव समाज में राज करते हैं।



बहुरुपिए की भांति भेष परिवर्तित करके वे विधानसभा, लोकसभा, राज्यसभा, सचिवालय, चिकित्सालय, पुलिस थाना, आदि जगहों पर पाए जाते हैं। आम जनता का पाला रोज कई किस्म के हिरण्यकश्यपों से पड़ता है। जनता उन्हें देखती तो है पर पहचान नहीं पाती।

आगे अपनी बात कहने के पूर्व खड़े होकर मेरे कंधे को कठोरता पूर्वक मसलते हुए हिरण्यकश्यप ने कहा-बरखुरदार, यह भी जान लो कि हिरणकश्यप किसी निरीह हिरण जैसे जीव नहीं होते। जिसे कोई भी मार दे। उसका प्राण ले ले। वर्तमान दौर में तो लोग अपनी प्राण रक्षा की कामना करते हुए हिरण्यकश्यप की चरणों में नतमस्तक हो जाते हैं।उनके तलवे चाटने को आतुर लोग आगे पीछे घुमते हैं।

वैसे आज के जमाने में हरेक व्यक्ति हिरण्यकश्यप बना बैठा है। तभी तो रंगों के पर्व होली को दंगों का पर्व बनाडाला है। बड़ी बेरहमी के साथ हरे पेड़ पौधों को काटकर जला दे रहा है। असूरों की भांति जीव जंतुओं को मार कर मांस मंदिरा में सेवन में लिप्त है।

हां हां। आपकी बात तो सही है।कहते हुए मैंने व्हेल मछली के जबड़ों की उसके कठोर हाथों से अपने सुकोमल-कमजोर कंधे को पहले मुक्त कराया। फिर पूछा-आप कलयुग के हिरणकश्यप हैं तो यह भी बता दीजिए कि आपका सुपुत्र प्रहलाद अब कैसा है? तब हिरण्यकश्यप ने कहा-हे मानव,तुम भयंकर भ्रम में जी रहे हो। इसीलिए प्रहलाद को ''सुपुत्र'' कह रहे हो। आज का प्रहलाद तो सुपुत्र कहलाने लायक बचा ही नहीं है। वह तो स्वयं के माता-पिता को बेहिचक मारता फिर रहा है। नशा,अपराध में आकंठ डूबा हुआ है। जिस सपूत प्रहलाद की तुम बात कर रहे हो वह ईश्वर का नाम जपता था। आज का कपूत प्रहलाद तो ईश्वर का मजाक उड़ाते फिरता है।

यह सुनकर मैंने सवाल किया-तब के प्रहलाद को आपने अपनी बहन होलिका की गोद में बिठाकर जलाने की कोशिश की थी,पर प्रहलाद बच तो गया था। होलिका जलकर भस्म हो गई थी। होलिका आज अगर प्रहलाद को लेकर होली पर में बैठेगी तो क्या होगा? मेरे इस सवाल पर हिरण्यकश्यप ने कटाक्ष करते हुए कहा-बहुत मूढ़ बुद्धि के आदमी लगते हो। अरे आज तो होलिका के साथ-साथ प्रहलाद भी जल जाएगा।

इतना कहने के उपरांत लम्बी जम्हाई लेकर हिरण्यकश्यप ने गरजते हुए कहा-अब यहां से चुपचाप दफा हो जाओ अन्यथा नरसिंह रूप धारण करके तुम्हारा चीरहरण कर दूंगा। उसके के इस खौफनाक चेतावनी से मैं सिहर उठा। किसी खूंखार कुत्ते को सामने पाकर एक मरियल कुत्ता जिस तरह से दुम दबाकर भागता उसी तरह मैं भी वहां से भाग निकला।भागते दौड़ते सोच रहा था-मानव समाज में हिरण्यकश्यप का आज भी बोलबाला है। कलयुगी प्रहलाद माता-पिता के साथ करता खूब छलावा है। होलिका तब भी जली थी, आज भी जल रही है। हिरण्यकश्यप मर गया यह तो एक भुलावा है।

हिंदी लोकनाट्य निर्देशक
अग्रोहा कालोनी रायपुर (छ.ग.) 492013
मो. 9893123310



## विचार सरिता

# हँसी के किस्से : चुलबुली भाभी की इमोजी और होली के लिए संदेही ने दिया 501 का चंदा

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



मोहल्ले में होली की तैयारियाँ जोरों पर हैं। इसको लेकर शाम को एक बैठक का आयोजन किया गया। सबने अपने-अपने सुझाव रखे। यह तो तय है कि होली धूमधाम से मनाई जाएगी, किंतु इसके आयोजन का स्वरूप क्या हो? इस पर सहमति नहीं बन पा रही थी। फिर यह तय हुआ कि होलिका दहन के आयोजन का दायित्व बच्चों की टोली को दिया जाए और खान-पान संबंधी आयोजन की रूपरेखा बड़े तैयार करें। होली की परंपरागत काव्यगोष्ठी का आयोजन रंग-गुलाल के दूसरे दिन शाम को ही करने का निर्णय लिया गया। इसके संयोजन का दायित्व कवि-कुमार को सौंपा गया।

आजकल शहरों के मोहल्लों में खेल के मैदान तो बचे नहीं, ऊपर से कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर लेने के कारण गलियाँ भी सिकुड़ गई हैं। बच्चों ने होलिका दहन के लिए एक खाली प्लॉट को चुना और वहाँ सूखी लकड़ियों, कंडों तथा पुराने टूटे-फूटे फर्निचरों को एकत्रकर रखना शुरु किया। रंग-गुलाब, बताशे, पूजा सामग्री, मिठाई तथा फल के लिए बच्चों ने चंदा मांगना शुरु किया। बच्चों को इस कार्य में सफलता मिलने लगी। सबसे कठिन था, संदेही राम से चंदा निकलवा लेना। शाम को बच्चों की टोली संदेही राम के घर जा पहुंची। वार्तालाप शुरु हुआ।

''नमस्ते अंकल।'' बच्चों ने समवेत स्वर में कहा।

''नमस्ते बच्चों'' कहो सांझ ढलते कैसे आना हुआ?'' संदेही राम ने संदेह व्यक्त करते हुए पूछा।

''आप तो समझ ही गए होंगे कि मौसम होलियाना है, तो बच्चों की टोली होली के चंदे के लिए ही आई होगी।'' चुहल कुमार ने जानकारी दी।

''बच्चों? मैं दिन ढलते किसी को पैसे नहीं देता। यह ज्योतिषीय दृष्टि से अच्छा नहीं माना जाता।'' संदेही ने अपने चश्मे की फ्रेम ठीक कर बच्चों पर दृष्टि डालते हुए कहा।

संदेही राम से चंदा निकलवा लेना कठिन कार्य था। नटखट ने तुरंत अपनी शरारती बुद्धि का प्रयोग किया और अपने फोन से मोहल्ले के व्हाट्स एप ग्रुप में एक मैसेज टाईप कर दिया। संदेही जी के मोबाईल पर नोटिफिकेशन टोन बजा। उन्होंने मैसेज फौरन पढ़ा। मैसेज में नटखट ने लिखा था,

''उदारमना संदेही अंकल ने होली त्योहार मनाने के लिए बच्चा टोली को 501 रुपये के चंदे की घोषणा की है।''

यह मैसेज देख संदेही राम चीखने जा ही रहे थे कि उनकी इस घोषणा पर व्हाट्सएप में चुलबुली भाभी की थंब इमोजी देखकर वे पिघल गए। अब सवाल उनकी प्रतिष्ठा का था। उन्होंने फौरन 501 रुपये दे दिए।

## सामायिक चर्चा

### केजरीवाल, चर्चिल के नेता

अखबार उठाकर,
बानी बोले- ''सुनिए गजाधर।
आज अरविन्द केजरीवाल की हुंकार -
आम आदमी पार्टी के
राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने
रविवार को दिल्ली के जन्तर-मन्तर पर
आयोजित एक रैली को
सम्बोधित करते हुए
केन्द्र की भाजपा सरकार पर
तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा
''140 करोड़ लोग मिलकर
देश से तानाशाही सरकार को उखाड़ फेकेंगे
और आज से बदलाव की
उलटी गिनती शुरू हो गई है।''
केजरीवाल ने आगे कहा -
''भाजपा सत्ता की राजनीति करें,
आम आदमी पार्टी
जनता के लिए काम करती रहेगी।''
तो अब भैया गजाधर!
केजरीवाल के ''तानाशाही भाजपा सरकार को
140 करोड़ लोगों द्वारा उखाड़ फेंकने की
आश्चर्यजनक बात कहने पर,
आपकी सजगी मति क्या कहेगी?''
गजाधर मुस्कराए बोले- ''बानी ।
सुप्रसिद्ध राजनीतिज्ञ चर्चिल ने कहा है
राजनीति में चतुर और चालाक नेता
वही होता है जो ऊटपटांग
कुछ भी घोषणा कर दे
और जब वह पूरी न हो तब कह
अपने लच्छेदार शब्दों से,
वैसा क्यों नहीं हुआ,
जनता को एक्सप्लेन कर दे।
तो मालूम भाई बानी।
केजरीवाल जी, चर्चिल के वही नेता हैं
चतुर, चालाक और ज्ञानी।''
सोमवार 2 मार्च2026



गिरीश बख्शी

## कविता

### मया प्रेम के तिहार होली

आगे तिहार होली के
मन में धरे खुशी अपार
प्रेम से मनावव तिहार
बांटों सब ला मया दुलार
जुर मिल के मनावव तिहार
त्यागो मन के गलत विचार ला
बैरी ला मितवा बना लेव
पावो सब के प्यार ला
डारव रंग दया मया के
लगावव गुलाल भाईचारा के
कहूं के चोला म झन लागे दाग
कलंक अऊ पीरा के
ये काया हवय चार दिनिया
मजा उड़ा ले जिंनगी के
सुरता आही फागुन म संगी
मया प्रेम अऊ सादगी के
नशा अऊ नफरत के
जला देवव तुम होली
भाई संग भाई मिल जावव
बोलो प्रेम के बोली,
खेलव जम के होली।।



राऊत अलख राम
बिसाहूटोला
9753914556

## कविता

### ।। रंग जाए हम होली में ।।

आपसी मनमुटाव भूलाकर
रंग जाए एक रंगोली में,
भाईचारे की गंगा बहा दें
रंगों का त्योहार होली में।
बैर भाव छोड़े प्रेम जगाए,
दिल जीते प्रेम की बोली में।
शांति भाईचारे का फूल चढ़ाएं,
मां भारती की झोली मे।
मिलजुल कर सब खुशी मनाएं
खेले - खाएं सब हमजोली में,
ना किसी को ठेस पहुचाए ,
रंगे रंगाऐ हंसी- ठिठोली में ।
भाईचारे की गंगा बहा दें,
कटुता न रहे भाखा- बोली में,
गिले- शिकवे भूल
एक हो जाएं,
रंग जाए त्यौहार होली में द्य।





पवन यादव ''पहुना''
ग्राम- सुंदरा (राजनांदगांव)

## कविता

### बसंतोत्सव (होली)

इस बसंतोत्सव की बेला ये,
पुरखो ने इसको सींचा है।
इस रंग बिरंगे चेहरे में,
रंक नहीं कोई, राजा नहीं,
हाथ बढ़ा कर सीने में,
सबने सबको थामा है।
कोई उजर नहीं दर्प नहीं,
समान भाव विश्वास यहीं।



गजेंद्र बख्शी
रिद्धि सिद्धि कॉलोनी राजनांदगांव

## कंथली

### प्रतिकात्मक होली जलाएँ

प्रतिकात्मक होली मनाएँ हम।
कण्डा से होली जलाऍ हम।।
पर्यावरण प्रदूषण को बचाना।
पेड़ों को न काटना।।
पलास फूल का गुलाल।
इससे बने रंग लाल
सुगंधित बनाना बड़ा सरल।
मन को भाये न गरल ।।
केंमिकल गुलाल सिर दुखाए।
मल-मल के बहुत पछताये।।
प्राकृतिक रंग मन लुभाये ।
होली में पवित्रता लाये।।
वारनीस पेन्ट से बाज आयें।
मुखौटा लगा के न डराएँ।।
अभद्र शब्द, मन न जलायें ।
गले मिलें हंसी खुशी होली मनाएं।।
मदिरा को हाथ न लगाना।
दुश्मन का भ्रम मिटाना ।।
शाकाहार मन से अपनाना।
भेद-भाव का डेका न बजाना।।
हुड़दंग लड़ाई नहीं होली ।
न दें अंटशन गाली ?
बुराई पर अच्छाई जीत जांये।
अधर्म का नाश, धर्म गले लगाएँ।।





रचना मानसिंह ''मौलिक''
महामाया चौंक बसंतपुर

## राशिफल

**मेष** — आज चंद्रदेव आपके पंचम भाव को सक्रिय कर रहे हैं, जिससे आपकी रचनात्मक ऊर्जा और आत्मविश्वास में गजब का इजाफा होगा। आप स्वयं को काफी साहसी महसूस करेंगे और नए विचारों पर अमल करने के लिए उत्सुक रहेंगे। शुक्रदेव का बारहवें भाव में उच्च का होना गुप्त सुखों और आध्यात्मिक शांति का मार्ग प्रशस्त करेगा।

**वृष राशि** — आज का दिन आपके लिए घरेलू सुख-सुविधाओं और भावनात्मक सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने का है। करियर के क्षेत्र में उच्चाधिकारियों के साथ अहंकार के टकराव से बचें, क्योंकि मंगल और राहु की युति तनाव पैदा कर सकती है। आर्थिक रूप से 'भाग्य के माध्यम से लाभ' के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — आज चंद्रदेव आपके तीसरे भाव में गोचर कर रहे हैं, जो आपके संचार कौशल और साहस को बढ़ाएंगे। हालांकि, आपकी राशि स्वामी बुधदेव के अस्त होने से आपको अपनी बातों को स्पष्ट रूप से समझाने में थोड़ी कठिनाई हो सकती है। शुक्रदेव का दसवें भाव में उच्च का होना आपके पेशेवर जीवन के लिए एक वरदान की तरह है।

**कर्क** — आज चंद्रदेव आपके द्वितीय भाव को सक्रिय कर रहे हैं, जिससे आपका पूरा ध्यान धन संचय और पारिवारिक संपदा की सुरक्षा पर रहेगा। उच्च के शुक्रदेव आपके नवम भाव में गोचर कर रहे हैं, जो आपको 'दैवीय सौभाग्य' का आशीर्वाद दे रहे हैं। दूर की यात्रा या उच्च शिक्षा से जुड़े कार्यों में सफलता मिलने के प्रबल योग हैं।

**सिंह** — आज चंद्रदेव आपकी ही राशि के प्रथम भाव में गोचर कर रहे हैं, जिससे आपका व्यक्तित्व एक राजा की तरह निखर कर सामने आएगा। आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे और नेतृत्व करने के लिए तैयार होंगे। शुक्रदेव का आठवें भाव में उच्च होना आपको अचानक धन लाभ या किसी पुरानी छिपी हुई समस्या का समाधान दिला सकता है।

**कन्या** — आज चंद्रदेव आपके बारहवें भाव में गोचर कर रहे हैं, जो आपको थोड़ा अंतर्मुखी और एकांतप्रिय बना सकते हैं। करियर में आज 'हार्ड वर्क' के बजाय 'स्मार्ट वर्क' और सहयोग पर ध्यान दें। प्रेम संबंधों में कोई बहुत ही शुद्ध और कलात्मक ऊर्जा वाला व्यक्ति आपके जीवन में दस्तक दे सकता है।

**तुला** — आज चंद्रदेव आपके ग्यारहवें भाव में गोचर कर रहे हैं, जिससे सामाजिक मेलजोल और नेटवर्किंग के लिए बेहतरीन अवसर मिलेंगे। आपकी राशि स्वामी शुक्रदेव छठे भाव में उच्च के होकर 'कॉस्मिक मेडिसिन' का काम कर रहे हैं, जो आपकी पुरानी स्वास्थ्य समस्याओं को ठीक करने में मदद करेंगे।

**वृश्चिक** — आज चंद्रदेव आपके दसवें भाव में गोचर कर रहे हैं, जो आपको पेशेवर दुनिया में सुर्खियों में लाएंगे। आप अपने करियर को लेकर बहुत महत्वाकांक्षी और सशक्त महसूस करेंगे। शुक्रदेव का पांचवें भाव में उच्च का होना प्रेम और संतान के पक्ष से 'अध्यात्मिक आनंद' लेकर आएगा। आपकी रचनात्मक आदतें आज चरम पर होंगी।

**धनु** — आज चंद्रदेव आपके नवम भाव में गोचर कर रहे हैं, जिससे आपके मन में लंबी यात्रा, दर्शन और सत्य को जानने की तीव्र इच्छा होगी। शुक्रदेव का चौथे भाव में उच्च होना आपके 'गृहस्थ जीवन' को स्वर्ग जैसा सुंदर और सुखद बना देगा। घर के नवीनीकरण या सुख-सुविधाओं पर किया गया निवेश भविष्य में अच्छे परिणाम देगा।

**मकर** — आज चंद्रदेव आपके अष्टम भाव में गोचर कर रहे हैं, जो साझा संसधानों और भावनात्मक गहराई की ओर इशारा करते हैं। बुध के दूसरे भाव में अस्त होने से बैंक बैलेंस या हिसाब-किताब में कुछ गड़बड़ी हो सकती है, इसलिए आज पैसों की गिनती के बजाय संबंधों को गिनें। करियर में डेटा और नंबरों के बजाय अपनी प्रस्तुति और क्लाइंट संबंधों पर ध्यान दें।

**कुंभ** — आज चंद्रदेव आपके सातवें भाव में गोचर कर रहे हैं, जिससे आपका पूरा ध्यान साझेदारी और जीवनसाथी पर केंद्रित रहेगा। शुक्रदेव का दूसरे भाव में उच्च होना आपके बैंक खाते के लिए एक 'वरदान' की तरह है, जिससे अचानक धन लाभ या रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। आपकी वाणी में एक उपचारक गुण आ जाएगा।

**मीन** — आज चंद्रदेव आपके छठे भाव में गोचर कर रहे हैं, जो आपको अपने स्वास्थ्य और दैनिक कार्यों के प्रति अनुशासित रहने की प्रेरणा देंगे। आपकी अपनी राशि के पहले भाव में शुक्रदेव का उच्च होना आपके व्यक्तित्व को चमकदार और आकर्षक बना देगा। हालांकि, बारहवें भाव में बुध के अस्त होने से सपनों में कुछ भ्रम या नींद में खलल पड़ सकती है।

# वनांचल क्षेत्र में गूंजा मनरेगा बचाव पदयात्रा, मरकाकसा से जोब तक निकला जनसैलाब



छुरिया (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्मानित अध्यक्ष दीपक बैज के दिशा निर्देशन में संचालित 'मनरेगा बचाओ संग्राम' अभियान के क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव की गरिमामय उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में वनांचल क्षेत्र में मनरेगा बचाव पदयात्रा का भव्य आयोजन किया गया। ग्रामीण मजदूरों, किसानों एवं महिलाओं की बड़ी भागीदारी ने स्पष्ट संदेश दिया कि मनरेगा वनांचल की जीवनरेखा है। पदयात्रा का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया के नेतृत्व में किया गया। इसका शुभारंभ ग्राम मरकाकसा बाजार चौक स्थित महात्मा गांधी के शैल चित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मरकाकसा से प्रारंभ होकर यह यात्रा विभिन्न ग्रामों से गुजरती हुई जोब बाजार चौक पहुंची। जहां आमसभा के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि ग्राम सभा के संवैधानिक अधिकारों को लगभग समाप्त करना, वित्तीय जिम्मेदारी का बोझ राज्यों पर डालना और कार्य उपलब्ध न होने पर बेरोजगारी भत्ते के प्रावधान को निष्प्रभावी बनाना ये सभी बदलाव मनरेगा को कमजोर करने की सुनियोजित साजिश हैं। कांग्रेस की ऐतिहासिक मनरेगा योजना में इस प्रकार के जनविरोधी परिवर्तन कर ग्रामीण मजदूरों की रोजी-रोटी पर चोट की जा रही है। आज हालात यह हैं कि गांवों में योजना के अंतर्गत ठोस कार्य लगभग ठप हैं। जिससे वनांचल क्षेत्र के हजारों परिवार प्रभावित हो रहे हैं। कांग्रेस पार्टी मजदूरों के हक की इस लड़ाई को सड़कों से लेकर सदन तक निर्णायक रूप से लड़ेगी।

पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने कहा कि कांग्रेस की मनरेगा योजना में गलत परिवर्तन करके इसे जानबूझकर कमजोर किया जा रहा है। जिन प्रावधानों के कारण ग्रामीणों को नियमित काम मिलता था। उन्हें जटिल प्रक्रियाओं और नई शर्तों के माध्यम से निष्प्रभावी बना दिया गया है। आज स्थिति यह है कि इस योजना के अंतर्गत गांवों में कोई ठोस कार्य दिखाई नहीं दे रहा और मजदूर काम के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर रोजगार की गारंटी वाली योजना को कमजोर किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर गांव-गांव शराब दुकानों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो ग्रामीण समाज के भविष्य के लिए घातक है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया प्रभारी महेंद्र यादव ने कहा कि मनरेगा केवल योजना नहीं बल्कि ग्रामीण स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इस संग्राम को जन-जन तक पहुंचाया जाए और सरकार पर जनदबाव बनाया जाए।

इसके अतिरिक्त राहुल तिवारी, पंकज बांधव, चुम्मन साहू, जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान एवं पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रितेश जैन ने भी सभा को संबोधित किया। सभा का संचालन छुरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू द्वारा किया गया। अंत में कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक फड़नवीस, हेमू सोनी, जनपद सदस्य सीमा यादव, शकील कुरैशी, रोशन रजक, भावेश सिन्हा, पुष्पा सिन्हा, एकनाथ सिन्हा, सुलेखा मरकाम, सेक्टर प्रभारी कन्हैया कोले, कुलदीप साहू, धनेंद्र कोठारी, पवन वैष्णव, ग्राम पटेल मरकाकसा, ग्राम पटेल जोब, पूर्व सरपंच ईश्वरी मेरी, पूर्व सरपंच कल्पना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अंत में मंडल अध्यक्ष पुष्पा सिन्हा ने उपस्थित सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# एनएसएम पब्लिक स्कूल में होली की धूम : नन्हे-मुन्नों ने उड़ाया गुलाल, मस्ती में झूम उठे बच्चे




अंबागढ़ चौकी (दावा)। रंगों का पावन पर्व होली बच्चों के लिए खुशियों का सबसे बड़ा बहाना लेकर आता है। आज एनएसएम पब्लिक स्कूल अंबागढ़ चौकी में रंगोत्सव का आयोजन किया गया। जहां स्कूली बच्चों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर भाईचारे और प्रेम का संदेश दिया। पूरा स्कूल परिसर बच्चों की खिलखिलाहट और चटकीले रंगों से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

**रंगोत्सव के रंग में रंगा स्कूल परिसर, गीतों की धुन पर बच्चों ने की जमकर उछल-कूद**

नन्हे विद्यार्थियों ने न केवल एक-दूसरे के गालों पर गुलाल मला, बल्कि संगीत की धुनों पर जमकर नृत्य भी किया। मस्ती में झूमते बच्चों ने उछल-कूद करते हुए इस त्यौहार का भरपूर आनंद लिया। शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ इस उत्सव में भागीदारी की और उन्हें सुरक्षित व प्राकृतिक रंगों से होली खेलने के लिए प्रोत्साहित किया।

### संस्कारों के साथ त्यौहार की सीख

स्कूल प्रबंधन ने बताया कि इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य बच्चों को हमारी सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ना और उनमें आपसी प्रेम की भावना विकसित करना है। बच्चों को बताया गया कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और हमें इसे सभी के साथ मिल-जुलकर मनाना चाहिए। रंगोत्सव के समापन पर बच्चों के चेहरे रंगों और मुस्कान से खिले हुए थे। स्कूल प्रशासन ने सभी छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी। इस सफल और रंगीन आयोजन ने बच्चों के मन में त्यौहार की मीठी यादें संजो दी हैं।

## पहला कॉलम...

# हरदी में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक होलिका दहन संपन्न



**शिवनाथ वार्ड-51 में उमड़ा जनसैलाब, पार्षद और वार्ड विकास समिति की मौजूदगी में मनी होली**

हरदी (दावा)। राजनांदगांव नगर निगम के अंतर्गत शिवनाथ वार्ड नंबर 51 हरदी में होलिका दहन का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक स्वरूप शुभ मुहूर्त में होलिका का पूजन कर दहन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में वार्डवासी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद चंद्रकृत साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वार्ड विकास समिति के अध्यक्ष पुनूराम साहू, सचिव तेनसिंह साहू, तुका पटेल और दुलार श्रीवास सहित समिति के अन्य पदाधिकारियों ने भी अपनी सहभागिता निभाई। होलिका दहन के पश्चात वार्डवासियों ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी। पार्षद चंद्रकृत साहू ने सभी को सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण तरीके से रंगों का त्यौहार मनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। आयोजन में युवाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर वार्ड की एकता और अखंडता का परिचय दिया।

# बीईओ आर.एल. पात्रे की सेवानिवृत्त बनी यादगार, हुई भावभीनी विदाई



डोंगरगांव (दावा)। विकासखंड डोंगरगांव के बीईओ आर.एल. पात्रे को सेवाकाल पूर्णता पश्चात 28 फरवरी को सेवानिवृत हुए। उनकी सेवानिवृत्ति पर डोंगरगांव विकासखंड के समस्त संकुल समन्वयकों के द्वारा अविस्मरणी विदाई समारोह का आयोजन वन चेतना केंद्र मनगटा में आयोजित किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में प्रभारी बीईओ जयंत साहू, एबीईओ क्षितिज सोरी, किशन देशमुख, सुश्री रश्मि ठाकुर, अरविंद रत्नाकर बीआरसी की उपस्थिति में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आर.एल. पात्रे की उपस्थिति में भगवान राम के संकीर्तन के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। तत्पश्चात विदाई गीत यशवंत देवांगन, नूतन हिरवानी, धनसाय सलामे के द्वारा प्रस्तुत किया गया। सभी शैक्षिक समन्वयक ने अपने उद्बोधन में श्री पात्रे के साथ किये गए कार्यों को याद किया। वहीं माखनलाल रात्रे के द्वारा कविता पाठ किया गया। साथ ही शत्रुघन तिवारी, डामन दास साहू, दानीराम वर्मा, सनत कुमार साकरे, दिलेश्वर साडिल्य, राहुल जैन, मंगलदास बंजारे ने अपनी वक्तव्य में श्री पात्रे के स्वच्छ धवल कृति के संदर्भ में अपनी बात कही। कार्यक्रम का संचालन नीलमणि साहू के किया।

# साहित्यिक मनीषी डॉ. रमेश जैन 'राही' को आज श्रद्धांजलि काव्यांजलि से नमन करेगा डोंगरगांव

डोंगरगांव (दावा)। नगर के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. कवि रमेश जैन 'राही' के 27 फरवरी को हुए स्वर्गवास पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु श्रद्धांजलि काव्यांजलि कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय शाकाहार परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पवन जैन 'प्रेमी' के संयोजन में आयोजित होगा। कार्यक्रम में देश के विभिन्न शहरों से पधार रहे प्रतिष्ठित कवि काव्यपाठ के माध्यम से अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। साथ ही डॉ. कवि रमेश जैन 'राही' की स्मृति में चयनित कवियों को ज्ञान गौरव सम्मान एवं अहिंसा गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में नवाज कौर (गीत, गज़ल-गाज़ियाबाद) सुष्टि विया गवला (श्रृंगार गीत-चुनास) महेन्द्र मदगुर (हास्य व्यंग्य–उज्जैन) कामता प्रसाद (हास्य व्यंग्य-रींवा) पुनीत पांताल (ओज-फरीदाबाद) पवनी कुमारी (ओज-धनबाद, झारखंड) उत्कर्ष उत्तम (हास्य व्यंग्य-रायबरेली) आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम 3 मार्च को समयः रात्रि 8 बजे शिव मंदिर बाजार चौक डोंगरगांव में आयोजकों ने समस्त नगरवासियों एवं साहित्यप्रेमियों से सपरिवार उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित करने का आग्रह किया है। यह जानकारी हरीश गांधी ने दिया।

# होली त्यौहार के मद्देनजर पुलिस टीम केसीजी द्वारा आबकारी एक्ट के तहत असामाजिक व्यक्तियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही



खैरागढ़ (दावा)। होली त्यौहार के मद्देनजर शराब जैसे सामाजिक बुराई से उत्पन्न अपराधों पर अंकुश लगाने छुईखदान पुलिस द्वारा मुहिम चलाकर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपी रामेश्वर कुर्रे पिता दुखित कुर्रे उम्र 28 साल निवासी गभरा थाना छुईखदान के कब्जे तीन लीटर हाथ भट्ठी का कच्चाी महुआ शराब भरा हुआ कीमत 700 रूपये तथा शराब बिक्री नगदी रकम 200 रूपये कुल 900 रूपये, प्रीतम कुर्रे पिता दुखित कुर्रे उम्र 32 साल निवासी गभरा थाना छुईखदान के कब्जे से तीन लीटर हाथ भट्ठी का कच्ची महुआ शराब भरा हुआ कीमत 600 रूपये तथा शराब बिक्री नगदी रकम 200 रूपये कुल 800 रूपये जप्त विनोद कुमार साहू पिता नीलकंठ साहू उम्र 29 साल साकिन कटंगीकला थाना खैरागढ़ के कब्जे से 10 पौवा देशी प्लेन शराब मात्रा 2.700 बल्क लीटर कीमत 1200 रूपये तथा शराब बिक्री नगदी रकम 200 रूपये कुल 1400 रूपये जप्त, पुरूषोत्तम वर्मा पिता जयलाल वर्मा उम्र 35 साल साकिन कुकुरमुड़ा थाना छुईखदान के कब्जे से 10 पौवा देशी प्लेन शराब मात्रा 2.340 बल्क लीटर कीमत 1040 रूपये तथा शराब बिक्री नगदी रकम 160 रूपये कुल 1200 रूपये जप्त कर धारा 34(1)ब आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले आरोपी केशव जंघेल पिता अशोक जंघेल उम्र 24 साल साकिन खपरीदरबार थाना छुईखदान के विरूद्ध धारा 36(च)1 आबकारी एक्ट, एवं अरोपी योगेश वर्मा पिता धनसिंग वर्मा उम्र 23 साल निवासी बोरी थाना खैरागढ़ के विरूद्ध धारा 36(च)1 आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया तथा अवैध रूप से शराब पिलाने की सुविधा मुहैया कराने वाले आरोपी सुमित निषाद पिता दशरथ निषाद उम्र 21 साल साकिन टिकरीपारा छुईखदान थाना छुईखदान के विरूद्ध धारा 36(सी) आबकारी एक्ट, इमरान खान पिता शेख कासम खान उम्र 29 साल निवासी वार्ड नं. 09 कनक नगर छुईखदान के विरूद्ध धारा 36(सी) आबकारी एक्ट, गौतम निषाद पिता भिखवा निषाद उम्र 34 साल निवासी वार्ड नं. 09 कनक नगर छुईखदान के विरूद्ध धारा 36(सी) आबकारी एक्ट, प्रकाश निषाद पिता रामकिशोर निषाद उम्र 40 साल निवासी वार्ड नं. 14 टिकरीपारा छुईखदान के विरूद्ध धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

**0 आबकारी एक्ट के तहत 10 प्रकरण में 10 आरोपियों के विरूद्ध की कार्यवाही**
**0 3 आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की**

आरोपी रामेश्वर कुर्रे पिता दुखित कुर्रे उम्र 28 साल साकिन गभरा थाना छुईखदान के विरूद्ध धारा 170/126, 135(3) बीएनएसएस (2) प्रीतम कुर्रे पिता दुखित कुर्रे उम्र 32 साल निवासी गभरा थाना छुईखदान के विरूद्ध धारा 170/126, 135(3) बीएनएसएस, अमन चन्द्राकर अनिल चन्द्राकर उम्र 20 साल साल निवासी कुर्मीपारा छुईखदान के विरूद्ध धारा 170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।

# साहू समाज सभी धर्म का सम्मान करती है लेकिन धर्मांतरण बर्दाश्त नहीं - गिरवर साहू




डोंगरगढ़ (दावा)। तहसील साहू संघ लालबहादुर नगर के द्वारा सामाजिक जागरूकता अभियान पड़बो बड़बो समाज ल आगु बढाबो का परिवार सम्मेलन का कार्यक्रम परिक्षेत्रीय सामाज चारभाटा के ग्राम पुजारी टोला, बंजारी, भगवान टोला, बजरंगीडीह, मोहनपुर में सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन को तहसील साहू संघ के अध्यक्ष गिरवर साहू ने सम्बोधित करते हुए कहा कि साहू समाज सारी कुरीति को दूर करते हुए जो हमारे समाज की नियमावली है। उक्त नियमावली के तहत हम समाज को चलना होगा ताकि स्वच्छ समाज का निर्माण हो सके आज समाज मे शिक्षा के क्षेत्र में युवक युवती में भारी असमानता दिखाई दे रहा है आज समाज के युवती शिक्षा के क्षेत्र में बहुत आगे है, वही युवक बहुत पीछे है इस असमानता को दूर करना हम सब का कर्तव्य है। साहू समाज सभी धर्मों का सम्मान करती है, लेकिन धर्मांतरण कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। इस सम्मेलन में तहसील कोषाध्यक्ष कमलेश साहू सचिव रामाधीन साहू, उपाध्यक्ष राजेन्द्र साहू, उमा साहू, हनुमान दास साहू, दुर्गेश साहू, खिलेश्वर साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष रोहित साहू, उभेराम साहू, मिलेश साहू, मधु साहू, ललिता साहू और बड़ी संख्या में सामाजिक परिवारजन उपस्थित हुए।

# घुमका में फाग की धूम : सुरों और झांकियों के संगम ने मोहा मन



घुमका (दावा)। नगर पंचायत घुमका में आयोजित दो दिवसीय भव्य फाग प्रतियोगिता का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ। फागुन की मस्ती और पारंपरिक लोक कला के इस अनूठे संगम में क्षेत्र की नामी फाग मंडलियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में संगीत (रचना) और प्रदर्शन (झांकी) के आधार पर सर्वश्रेष्ठ टोलियों का चयन किया गया। गायन और वादन की श्रेणी में दुर्ग जिले की मंडली का दबदबा रहा। परिणामों की घोषणा इस प्रकार रही। जिसमें प्रथम राधा कृष्ण सेवा एवं फाग मंडली धनौरा (दुर्ग), द्वितीय लोक संदेश राधा कृष्ण फाग परिवार खैरझिटी, तृतीय राग रंग रतनू फाग परिवार बीरेझर भट्ठा (थानौद) रही। प्रदर्शन और झांकी की श्रेणी में राजनांदगांव की टीम ने बाजी मारी। इसके विजेताओं की सूची निम्न है। जिसमें प्रथम छत्तीसगढ़ लोकप्रिय बालकृष्ण रामधुनी जस एवं फाग परिवार बोईरडीह (राजनांदगांव), द्वितीय शीतला के अचरा नंदगईहा जस झांकी एवं फाग परिवार पालंदुर (मोहरा) एवं तृतीय दास विलास जय अम्बे जस झांकी एवं फाग परिवार मुड़िया मोहरा (डोंगरगढ़) रही।

**रचना पक्ष में धनौरा दुर्ग और झांकी में बोईरडीह राजनांदगांव ने मारी बाजी, देर रात तक झूमे दर्शक**

इस सफल आयोजन के पीछे फाग प्रतियोगिता समिति के सदस्यों की कड़ी मेहनत रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनसुख निषाद ने की, जबकि उपाध्यक्ष देवकुमार वर्मा और सचिव करण निर्मलकर ने व्यवस्थाओं का जिम्मा संभाला। समिति के सदस्य गुमान साहू, किशन सिंह चंदेल, राजेश पटेल और गिरधर यादव ने भी अपना सक्रिय सहयोग दिया। नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों और समिति के सदस्यों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य हमारी ग्रामीण संस्कृति और फाग की लुप्त होती परंपराओं को जीवित रखना है। समापन के अवसर पर विजेता टोलियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में घुमका सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# आदिम आस्था का संरक्षण : गोटाटोला में गूंजा 499 ग्रामों की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का संकल्प



अंबागढ़ चौकी (दावा)। अनुसूचित क्षेत्र मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी की प्राचीन परंपराओं और आदिम आस्था के केंद्रों को संरक्षित करने के लिए ग्राम गोटाटोला में एक ऐतिहासिक जनसंवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिले के 499 ग्रामों में फैली अमूल्य सांस्कृतिक धरोहरों के चिन्हांकन, प्रबंधन और संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम ने जनभागीदारी का एक नया मॉडल पेश किया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा ने जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए अपनी जड़ों को सुरक्षित रखने का सामूहिक संकल्प है। उन्होंने जिले के सभी क्लस्टरों से आए ग्रामीणों की सक्रियता की सराहना करते हुए इसे अभियान की असली शक्ति बताया।

**चिन्हांकन और संवर्धन पर भव्य जनसंवाद, राजा लाल लक्ष्मेंद्र शाह ने ग्रामीणों से मांगी प्राचीन स्थलों की जानकारी**

0 निर्धारित प्रारूप में मांगी गई स्थलों की जानकारी

पानाबरस क्षेत्र के राजा लाल लक्ष्मेंद्र शाह ने उपस्थित ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने ग्रामों में स्थित प्राचीन आस्था स्थलों और देवगुड़ियों की जानकारी निर्धारित फॉर्मेट में भरकर जल्द जमा करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि वैज्ञानिक ढंग से दस्तावेजीकरण होने के बाद ही इन स्थलों का प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी संरक्षण और संवर्धन संभव हो सकेगा। कार्यक्रम के दौरान जिला उपाध्यक्ष रमेश हिड़ामे, पूर्व जिला अध्यक्ष मदन साहू और वरिष्ठ कार्यकर्ता अंबर जोशी ने भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि बिना जनसहभागिता के किसी भी सांस्कृतिक धरोहर को बचाना संभव नहीं है। ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एकमत होकर इस पहल का समर्थन किया और अपने ग्रामों की परंपराओं के संरक्षण हेतु संकल्प लिया। आयोजन के समापन पर समस्त जनसमुदाय ने इस दूरदर्शी अभियान के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रभारी मंत्री व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रशासन के सकारात्मक मार्गदर्शन और सहयोग को इस मुहिम की सफलता का मुख्य आधार बताया गया।

# संकल्प बजट प्रदेश के समावेशी विकास का आधार - ललित चंद्राकर विधायक

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने खैरागढ़ स्थित जिला भाजपा कार्यालय में राज्य बजट 2026-27 को लेकर प्रेसवार्ता ली।। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनता के हित में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और वित्तीय वर्ष 2026-27 का संकल्प बजट प्रदेश के समग्र विकास का रोड मैप है। उन्होंने बताया कि वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा प्रस्तुत यह सरकार का तीसरा बजट है। राज्य सरकार का पहला बजट ज्ञान और दूसरा गति थीम पर आधारित था, जबकि इस वर्ष की थीम संकल्प रखी गई है। यह बजट यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना के अनुरूप तैयार किया गया है।




चंद्राकर ने बताया कि सरकार मिशन मोड में कार्य कर रही है और इसके तहत पांच मुख्यमंत्री मिशन बनाए गए हैं - मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन, मुख्यमंत्री एआई मिशन, मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन, मुख्यमंत्री स्टार्टअप मिशन तथा मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन। इन मिशनों के माध्यम से प्रदेश के विकास को नई दिशा और गति मिलेगी।

उन्होंने जानकारी दी कि स्कूल शिक्षा के लिए 13.5 प्रतिशत का सर्वाधिक बजट प्रावधान किया गया है।। बस्तर के अबूझमाड़ और जगरगुंडा में दो एजुकेशन सिटी स्थापित की जाएंगी। शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के लिए कैशलेस उपचार की व्यवस्था हेतु भी बजट प्रावधान किया गया है।। होमस्टे को बढ़ावा देने के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

कुनकुरी, मनेन्द्रगढ़, कबीरधाम, जांजगीर-चांपा एवं दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज संचालन, जगदलपुर-अंबिकापुर में हवाई सेवाओं के विस्तार, अंदरूनी क्षेत्रों में मुख्यमंत्री बस सेवा तथा बस्तर एवं सरगुजा ओलंपिक्स के आयोजन के लिए भी बजट में राशि निर्धारित की गई है। भर्ती प्रक्रिया को गति देने हेतु व्यापम की दक्षता बढ़ाने के प्रावधान किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि युवाओं के शैक्षणिक भ्रमण के लिए छत्तीसगढ़ युवा दर्शन योजना प्रारंभ की जाएगी। साथ ही लखपति दीदियों के भ्रमण हेतु भी बजट में प्रावधान रखा गया है। औद्योगिक विकास के तहत 23 नवीन औद्योगिक पार्कों की स्थापना के लिए 250 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। शहरी विकास को मजबूती देने के लिए मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना हेतु 200 करोड़ रुपये तथा भूमि विकास बैंक के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश को धान का कटोरा कहा जाता है और कृषि क्षेत्र के लिए 13,500 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गई है। सरकार 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी के अंतर की राशि का एकमुश्त भुगतान कर रही है तथा आगे भी इसके लिए बजट में प्रावधान रखा गया है।

बस्तर और सरगुजा के विकास को प्राथमिकता देते हुए खाद्य, कृषि एवं संबंधित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। बकरी पालन, सूअर पालन और मधुमक्खी पालन जैसे उद्यमों के लिए भी विशेष बजट प्रावधान किया गया है। इंद्रावती नदी में देवरगांव एवं मटनार बराज निर्माण के लिए 2000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का प्रावधान किया गया है, जिससे बस्तर क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा। माओवादी आतंकवाद के दमन में बस्तर फाइटर की भूमिका की सराहना करते हुए उन्होंने बताया कि 1500 नई भर्तियां की जाएंगी, जिसके लिए बजट में प्रावधान रखा गया है। चंद्राकर ने बजट को प्रदेश की समृद्धि और विकास का संकल्प बताते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी के प्रति प्रदेशवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेषर साहू, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, गिरजा चंद्राकर, शशांक ताम्रकार, खम्हन ताम्रकार, उमा चौबे, आयश सिंह, आलोक श्रीवास, भावेश कोचर, दिनेश वर्मा, गोरेलाल वर्मा, नरेश कुर्रे, मुकेश वर्मा, गणेश वर्मा, देवकुमार सेन सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## शेयर बाजार में हाहाकार, सेंसेक्स 914 अंक टूटा; निफ्टी भी 25000 से नीचे फिसला

मुंबई। अमेरिका और इजरायल की तरफ से ईरान पर हुए हमले के बाद मिडिल ईस्ट में जारी टेंशन के चलते घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को खलबली मच गई। बाजार खुलने पर सुबह 9 बजकर 15 मिनट पर एक समय बीएसई सेंसेक्स 914.15 अंक की जोरदार गिरावट के साथ 80,373.04 के लेवल पर फिसल गया। इसी समय, एनएसई का निफ्टी भी 246.40 अंक की तगड़ी गिरावट के साथ 24932.25 के लेवल पर कारोबार करता दिखा। आज के सत्र में निवेशकों के लाखों करोड़ रुपये डूबने की आशंका है। शेयर बाजार में आज सभी सेक्टर इंडेक्स लाल रंग में कारोबार कर रहे हैं, जिसमें रियल्टी सेक्टर 2त्न की गिरावट के साथ सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। इंटरग्लोब एविएशन, लार्सन एंड टूब्रो, मारुति सुजुकी, एशियन पेंट्स और ञ्जस्थ्क्क जैसे प्रमुख इंडेक्स में नुकसान दर्ज किया गया। वहीं, आज के टॉप गेनर्स में ह्लह्लष्ट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और हिंडाल्को शामिल हैं। निफ्टी मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स भी 1त्न की गिरावट के साथ कमजोर रुख दिखा रहे हैं।

## इजरायल-ईरान युद्ध : विमान परिचालन में रुकावट के चलते एयरलाइन स्टॉक्स फिसले

नई दिल्ली । इजरायल-ईरान युद्ध के कारण लगातार तीसरे दिन खाड़ी के कई देशों का एयरस्पेस बंद होने के चलते सोमवार को एयरलाइन से जुड़े शेयरों में गिरावट देखने को मिली। एशिया प्रशांत क्षेत्र में कारोबार करने वाली ज्यादातर एयरलाइन के शेयरों में गिरावट देखने को मिली है। इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड (इंडिगो) के शेयर में 4 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखी गई है। वहीं, सिंगापुर एयरलाइंस के शेयर में 6 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखी गई। जापान की एएनए और जेएएल के शेयर 4 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गए। इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया की क्वांटास का शेयर 4 प्रतिशत से अधिक फिसल गया। दोनों देशों के बीच संघर्ष के कारण दुबई, दोहा और अबू धाबी सहित प्रमुख ट्रांजिट केंद्र करीब तीन दिनों से बंद हैं, जिसके चलते एयरलाइंस को तेल अवीव, दुबई, बेरूत, तेहरान, रियाद और अन्य क्षेत्रीय गंतव्यों के लिए उड़ानें स्थगित, मार्ग परिवर्तन या रद्द करनी पड़ी हैं। भारतीय एयरलाइंस भी प्रभावित हुई हैं और गैर-पश्चिम एशियाई एयरलाइंस में इंडिगो ने सबसे अधिक उड़ानें रद्द कीं। रिपोर्टों के अनुसार, नई दिल्ली हवाई अड्डे पर 28 फरवरी को भारतीय एयरलाइंस की 410 उड़ानें रद्द हुईं, 1 मार्च को लगभग 350 उड़ानें रद्द हुईं और 2 मार्च को कम से कम 300 उड़ानों के प्रभावित होने की आशंका थी।

## बाबर, शाहीन और सलमान पर पीसीबी ने लगाया जुर्माना

नई दिल्ली। भारत और श्रीलंका की मेजबानी में खेले जा रहे टी20 वर्ल्ड कप 2026 में पाकिस्तान टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। इस वर्ल्ड कप में उनकी टीम सेमीफाइनल में भी जगह नहीं बना पाई और सुपर-8 से ही बाहर हो गई। इस खराब प्रदर्शन को देखने के बाद पाकिस्तानी प्लेयर्स पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने खिलाड़ियों पर जुर्माना लगा दिया है। ये जुर्माना पाकिस्तान टीम के बड़े प्लेयर्स शाहीन अफरीदी, बाबर आजम और कप्तान सलमान अली आगा पर भी लगाया गया है। इन तीनों ही प्लेयर्स ने इस वर्ल्ड कप में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं किया।

## ईरान-इस्राइल की बमबारी के बीच कुवैत में बड़ी चूक, तीन अमेरिकी एफ-15 विमान गिरे

कुवैत सिटी। पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव के बीच एक बड़ी सैन्य चूक सामने आई है। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड यानी सेंटकॉम ने पुष्टि की है कि कुवैत में अमेरिका के तीन एफ-15ई स्ट्राइक ईगल लड़ाकू विमान गलती से कुवैती एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा मार गिराए गए। यह घटना रविवार को सैन्य अभियान के दौरान हुई। हालांकि राहत की बात यह रही कि सभी विमान चालक सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे और उनकी जान बच गई। सेंटकॉम के अनुसार यह घटना उस समय हुई जब क्षेत्र में सक्रिय सैन्य अभियान चल रहा था और सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर थे। इसी दौरान कुवैत की वायु रक्षा प्रणाली ने अमेरिकी लड़ाकू विमानों को गलती से दुश्मन समझ लिया और उन पर कार्रवाई कर दी। सैन्य बयान में कहा गया कि सभी छह एयरक्रू ने समय रहते इजेक्ट किया और बाद में उन्हें सुरक्षित बरामद कर लिया गया। सभी की हालत स्थिर बताई गई है। कुवैत सरकार और रक्षा बलों ने इस घटना को स्वीकार किया है। अमेरिकी सेना ने कुवैती रक्षा बलों के सहयोग और बचाव अभियान के लिए आभार भी जताया। बयान में कहा गया कि संयुक्त सैन्य अभियान के दौरान दोनों देशों की सेनाएं लगातार समन्वय में काम कर रही हैं। घटना के बाद सुरक्षा प्रक्रियाओं की समीक्षा शुरू कर दी गई है ताकि भविष्य में ऐसी गलती दोबारा न हो। सेंटकॉम ने स्पष्ट किया कि इस पूरी घटना की विस्तृत जांच की जा रही है। शुरुआती तौर पर इसे फ्रेंडली फायर यानी अपने ही सहयोगी बलों की गलती से हुई कार्रवाई माना जा रहा है।

# भारत बनाम अफगानिस्तान सीरीज के शेड्यूल का ऐलान, विराट कोहली और रोहित शर्मा भी खेलेंगे

नई दिल्ली। भारत और अफगानिस्तान के बीच एक लंबी सीरीज खेली जाएगी। इसमें टेस्ट और वनडे मुकाबले होंगे। इस सीरीज के बारे में जानकारी तो पहले से ही थी और ये भी पता था कि सीरीज जून में खेली जाएगी, लेकिन ये साफ नहीं था का सीरीज का पूरा शेड्यूल क्या होगा। अब बीसीसीआई ने सीरीज को पूरे शेड्यूल और वेन्यू का ऐलान कर दिया है। सीरीज के दौरान विराट कोहली और रोहित शर्मा खेलते हुए नजर आएंगे। वहीं शुभमन गिल भी काफी वक्त के बाद एक्शन में होंगे।




इसी साल जून के महीने में अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम भारत दौरे पर आएगी। इसमें एक टेस्ट मैच और तीन वनडे मुकाबले खेले जाएंगे। बीसीसीआई ने जिस शेड्यूल का ऐलान किया है, उसके अनुसार 6 से लेकर 10 जून तक टेस्ट मुकाबला होगा, ये न्यू चंडीगढ़ में खेला जाएगा। सीरीज में एक ही टेस्ट होगा। इसके बाद तीन वनडे मैच होंगे। भारत बनाम अफगानिस्तान वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 14 जून को धर्मशाला में खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा मैच 17 जून को लखनऊ में होना तय हुआ है। सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला 20 जून को चेन्नई में खेला जाएगा। इसके साथ ही ये सीरीज समाप्त हो जाएगी। ये सीरीज अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप के लिहाज से काफी अहम होगी। साल 2026 में वनडे विश्व कप का आयोजन होगा, माना जा रहा है कि इसी सीरीज से टीम इंडिया इसकी तैयारी में जुट जाएगी।

वनडे में इस वक्त टीम इंडिया की कप्तानी शुभमन गिल कर रहे हैं, उम्मीद है कि वे ही इस सीरीज में भी कमान संभालेंगे। वहीं विराट कोहली और रोहित शर्मा भी नजर आएंगे। कोहली और रोहित अब केवल वनडे ही खेल रहे हैं, इसलिए वे कम ही मैदान पर दिखते हैं। हालांकि जल्द ही वनडे विश्व कप की तैयारी शुरू होगी, तो ज्यादा वनडे भी खेले जाएंगे। ऐसे में ये दोनों खिलाड़ी भी मैदान पर दिखाई देंगे।

# लुंगी एनगिडी टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने



नई दिल्ली। टी-20 विश्व कप 2026 के 51वें मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रोटियाज टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के रयान बर्ल (5) को आउट कर ये उपलब्धि हासिल की। इस खिलाड़ी ने स्पिन गेंदबाज तबरेज शम्सी को पीछे छोड़ा है। ऐसे में आइए उनके आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।

एनगिडी ने 63 मुकाबले खेले हैं और इसकी 63 पारियों में 20.32 की औसत और 8.58 की इकॉनमी रेट से 90 विकेट लिए हैं। उन्होंने 3 बार 4 विकेट हॉल और 1 बार 5 विकेट हॉल अपने नाम किए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/39 का रहा है। शम्सी ने 70 पारियों में 20.89 की औसत से 89 विकेट लिए हैं। उनकी इकॉनमी रेट 7.39 की रही है। कगिसो रबाडा 82 विकेट के साथ इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। एनगिडी ने मैच में 4 ओवर गेंदबाजी की और सिर्फ 29 रन देकर 1 विकेट अपने नाम किया। उनकी इकॉनमी रेट 7.20 की रही। इस तेज गेंदबाज ने साल 2022 के विश्व कप में अपना पहला मुकाबला खेला था।

# भारत से हार के बाद वेस्टइंडीज के कप्तान का फूटा गुस्सा, प्रेस कॉन्फ्रेंस में रिपोर्टर को दिया तीखा जवाब



नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के खिलाफ हार के बाद तीखा जवाब देकर सुर्खियां बटोरीं. सुपर-8 स्टेज का यह मुकाबला 1 मार्च (रविवार) को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला गया. भारत ने इस हाईस्कोरिंग मुकाबले में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई. वहीं, कैरेबियाई कप्तान होप के लिए यह मैच काफी निराशाजनक रहा. होप ने 33 गेंदों पर 32 रन बनाए और उनकी पारी का अंत वरुण चक्रवर्ती ने किया.

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में शाई होप से उनकी धीमी पारी और टीम के अपेक्षित स्कोर से पीछे रह जाने को लेकर सवाल पूछा गया. पहले तो उन्होंने स्वीकार किया कि शायद उन्हें थोड़ा तेज खेलना चाहिए था. लेकिन जब उसी मुद्दे पर दोबारा सवाल किया गया, तो उन्होंने तीखे अंदाज में जवाब दिया.

शाई होप ने कहा, आप लोग मुझे हंसा रहे हैं. अगर आप यही सुनना चाहते हैं कि मैं जिम्मेदारी लेता हूं, तो ठीक है मैं लेता हूं. मुझे और तेज बल्लेबाजी करनी चाहिए थी. लेकिन जब आप संघर्ष कर रहे होते हैं, तो हर खिलाड़ी को मुश्किल होती है. मुझे नहीं लगा कि मैं खराब बल्लेबाजी कर रहा था. मैं फील्डरों के पास गेंद मार रहा था और स्थिति के हिसाब से खेलने की कोशिश कर रहा था.

शाई होप यह भी कहा कि वह अपनी इनिंग्स को गहराई तक ले जाना चाहते थे और बीच के ओवरों में स्पिन के खतरे को खुद झेलना चाहते थे, लेकिन वह लय नहीं पकड़ सके. होप ने शुरुआत काफी धीमी की. पहली आठ गेंदों पर वह सिर्फ दो रन ही बना सके. हालांकि बाद में उन्होंने हार्दिक पंड्या के खिलाफ एक छक्का और चौका जड़कर गति पकड़ने की कोशिश की. लेकिन स्पिनरों के सामने स्ट्राइक रोटेट करने में उन्हें परेशानी हुई.

पहले विकेट के लिए शाई होप ने रोस्टन चेज (25 गेंदों पर 40 रन) के साथ 53 गेंदों में 68 रन जोड़े. अंततः वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 195/4 का स्कोर खड़ा किया, जो देखने में प्रतिस्पर्धी लग रहा था.

# 5 जी स्पेक्ट्रम नीलामी से पहले पाकिस्तान में 'फायरवॉल' विवाद और इंटरनेट संकट गहराया

नई दिल्ली । पाकिस्तान की इंटरनेट समस्याएं एक बार फिर चर्चा में आ गई हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले 5जी स्पेक्ट्रम ऑक्शन से पहले सरकार के तथाकथित %फायरवॉल% सिस्टम के विरोध में अलग-अलग रिपोर्ट सामने आई हैं।

द न्यूज इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, हालिया खबरों में दावा किया गया था कि अधिकारियों ने अगले महीने प्रस्तावित 5जी नीलामी से पहले इस विवादास्पद फायरवॉल सिस्टम को बंद करने का निर्णय लिया है। हालांकि, बाद में नेशनल असेंबली की सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति को बताया गया कि ये रिपोर्टें गलत हैं और यह प्रणाली अभी भी लागू है।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिसे आमतौर पर %फायरवॉल% कहा जाता है, उसका आधिकारिक नाम वेब मैनेजमेंट सिस्टम (डब्ल्यूएमएस) है। उन्होंने %फायरवॉल% को आम बोलचाल का शब्द बताया। स्पष्टता की कमी ने देश में भ्रम और बढ़ा दिया है, जहां इंटरनेट सेवाएं पहले से ही गंभीर समस्याओं का सामना कर रही हैं। उपयोगकर्ता और व्यवसाय धीमी गति और अचानक होने वाले आउटेज से जूझ रहे हैं, जबकि यह स्पष्ट नहीं है कि समस्या डब्ल्यूएमएस में है या मोबाइल सेवाओं के लिए उपलब्ध सीमित स्पेक्ट्रम में। पाकिस्तान में वर्तमान में मोबाइल सेवाओं के लिए लगभग 270 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम आवंटित है, जो एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे कम में से एक है, जहां निम्न और मध्यम बैंड में औसतन 700 मेगाहर्ट्ज से अधिक स्पेक्ट्रम उपलब्ध है।

प्रति दस लाख लोगों पर आवंटित स्पेक्ट्रम के मामले में भी पाकिस्तान क्षेत्रीय देशों से पीछे है।श्रीलंका में प्रति दस लाख आबादी पर 15.2 मेगाहर्ट्ज, वियतनाम में 7.4 मेगाहर्ट्ज, भारत में 3.9 मेगाहर्ट्ज, बांग्लादेश में 3.6 मेगाहर्ट्ज, इंडोनेशिया में 2.1 मेगाहर्ट्ज, जबकि पाकिस्तान में केवल 1.1 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम उपलब्ध है। 5जी स्पेक्ट्रम ऑक्शन, जो अगले महीने होने वाला है, असल में 2025 की शुरुआत में प्लान किया गया था, लेकिन प्राइसिंग मॉडल जैसे इशू की वजह से इसमें देरी हुई।

इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का मानना है कि सर्विस क्वालिटी को बेहतर बनाने और नेक्स्ट-जेनरेशन टेक्नोलॉजी के लिए तैयार होने के लिए स्पेक्ट्रम की उपलब्धता बढ़ाना बहुत जरूरी है। हाल के वर्षों में, पाकिस्तान में इंटरनेट में अचानक कई रुकावटें आई हैं, जिससे ऐप-बेस्ड बिजनेस और ऑनलाइन सर्विस प्रोवाइडर्स को फाइनेंशियल नुकसान हुआ है। कुछ रुकावटों की वजह समुद्र के नीचे केबल को हुआ नुकसान बताया गया।

# सप्रीत बुमराह ने टी-20 क्रिकेट में छठी बार किया शिमरोन हेटमायर को आउट

नईदिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने रविवार (1 मार्च) को बड़ा कमाल किया। टी-20 विश्व कप 2026 के 52वें मुकाबले में उन्होंने शानदार फॉर्म में चल रहे शिमरोन हेटमायर को पवेलियन भेजा।



कोलकाता के ईडन गार्डन्स में बुमराह ने 12वें ओवर में वेस्टइंडीज को 2 झटके दिए। उनकी इस धारदार गेंदबाजी से वेस्टइंडीज का मध्यक्रम पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। हेटमायर के खिलाफ बुमराह के आंकड़े कमाल के रहे हैं, आइए उसपर नजर डालते हैं।

वेस्टइंडीज की पारी में हेटमायर तब बल्लेबाजी के लिए आए, जब टीम का स्कोर 68 रन पर एक विकेट था। इसके बाद उन्होंने 12 गेंदों पर 27 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 1 चौका और 2 छक्के निकले। हालांकि, तेज गेंदबाज बुमराह की शॉर्ट लेंथ गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में हेटमायर चूक गए। गेंद बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर विकेटकीपर संजू सैमसन के हाथों में चली गई और उनकी पारी का अंत हो गया। बुमराह का पलड़ा हेटमायर पर भारी नजर आता है। टी-20 क्रिकेट की 10 पारियों में बुमराह ने हेटमायर को 6 बार आउट किया है।

# एयर स्पेस बंद होने से फंसी जिम्बाब्वे की टीम भारत में ही रहेंगे खिलाड़ी; घर वापसी में बड़ी देरी

नई दिल्ली। जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम ऐसी पहली टीम है, जिसकी घर वापसी पश्चिम एशिया में युद्ध के चलते अटक गई है। टी20 विश्व कप 2026 में साउथ अफ्रीका से मिली हार के बाद उनका सफर खत्म हो गया है, लेकिन खिलाड़ी भारत में रुकने पर मजबूर है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध के चलते खाड़ी देशों का एयरस्पेस बंद कर दिया गया है, जिसकी वजह से उधर से गुजरने वाली फ्लाइट्स बंद है। अभी ये नहीं तय हुआ कि जिम्बाब्वे की टीम कब अपने घर जाएगी।




दरअसल, टी20 वर्ल्ड कप के आयोजक अब जिम्बाब्वे और बाकी टीमों को घर भेजने के लिए वैकल्पिक रास्तों की तलाश कर रहे हैं। भारत और श्रीलंका में अपना अभियान खत्म करने के बाद कई टीमें इस समस्या से जूझ रही हैं। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के मुताबिक, जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों को अलग-अलग बैच में घर लौटना था। कुछ खिलाड़ियों की फ्लाइट सोमवार सुबह 4ञ्30 बजे की थी, जबकि बाकी को दिन के दूसरे हिस्से में निकलना था। टीम की बुकिंग एमिरेट्स एयरलाइंस में थी, जो उन्हें दिल्ली से दुबई और फिर वहां से हरारे ले जाती। हालांकि आयोजक अब दूसरी एयरलाइंस और रास्तों पर विचार कर रहे हैं, लेकिन फिलहाल जिम्बाब्वे की टीम को 4 मार्च तक दिल्ली के ही एक होटल में ठहरने के निर्देश दिए गए हैं।

इस कड़ी में जिम्बाब्वे की टीम के कोच जस्टिम समन्स ने कहा कि नहीं, फिलहाल मुझे ऐसी किसी खबर की जानकारी नहीं है। जब हमारा मैच शुरू हुआ था, तब तक हमारे पास कोई अपडेट नहीं आया था। उसके बाद हमारा पूरा ध्यान सिर्फ खेल पर था, इसलिए मैच खत्म होने के बाद से अब तक मैंने इस बारे में कुछ भी नहीं सुना है। जहां एक तरफ जिम्बाब्वे की टीम भारत में फंसी हुई है, वहीं पाकिस्तान की टीम शनिवार को अपना आखिरी सुपर-8 मैच खेलने के बाद कोलंबो से लाहौर लौट चुकी है। पाकिस्तानी टीम %श्रीलंकन एयरलाइंस% की फ्लाइट के जरिए स्वदेश पहुंची। बता दें कि शनिवार सुबह अमेरिका (ञ्ज), इजरायल और ईरान के बीच हुए मिसाइल हमलों ने पूरी दुनिया में हलचल मचा दी है। इस सैन्य टकराव के कारण वेस्ट एशिया के कई देशों ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**दुनिया पर तेल संकट का साया: ईरान....**

रिफाइनरी को फिलहाल बंद कर दिया गया है। रास तनुरा सऊदी अरामको का सबसे प्रमुख और दुनिया का सबसे बड़ा ऑफशोर ऑयल लोडिंग टर्मिनल माना जाता है। इस रिफाइनरी की क्षमता लगभग 5.5 से 6 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चा तेल रिफाइन करने की है। इसके बंद होने का मतलब है कि हर दिन लाखों बैरल तेल का उत्पादन और निर्यात रुक गया है, जो दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक बड़ा झटका है। रास तनुरा रिफाइनरी का महत्व इसलिए भी बहुत ज्यादा है क्योंकि यहीं से बड़े-बड़े तेल टैंकरों में कच्चा तेल भरकर पूरी दुनिया में भेजा जाता है। यह टर्मिनल अमेरिका, यूरोप और एशिया के कई देशों के लिए तेल आपूर्ति का एक बहुत बड़ा और महत्वपूर्ण स्रोत है। विशेषज्ञों का मानना है कि चूंकि दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल होर्मुज के इसी समुद्री रास्ते से होकर गुजरता है, ऐसे में अगर ईरान ने तेल टर्मिनलों पर अपने हमले जारी रखे या इस रूट को बाधित किया, तो पूरी दुनिया को एक भयंकर तेल संकट का सामना करना पड़ सकता है। सऊदी अरब के इस तेल डिपो पर हुए हमले का असर तुरंत अंतरराष्ट्रीय बाजार पर देखने को मिला। रिफाइनरी पर हमले और उसके बंद होने की खबर आते ही वैश्विक तेल बाजार में खलबली मच गई। सोमवार को ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतों में 9.32 प्रतिशत का भारी उछाल दर्ज किया गया, जो पिछले कई महीनों में सबसे तेज बढ़ोतरी है। यदि यह रिफाइनरी लंबे समय तक बंद रहती है और मध्य पूर्व में तनाव कम नहीं होता है, तो कच्चे तेल की कीमतें आसमान छू सकती हैं, जिसका सीधा असर भारत सहित दुनिया भर के देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों और महंगाई पर पड़ेगा। यह हमला इजराइल, अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के तीसरे दिन हुआ है। ईरान ने अब अपने हमलों का दायरा बहुत बढ़ा दिया है। इजराइल को निशाना बनाने के साथ-साथ ईरान ने कतर, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात पर भी बमबारी शुरू कर दी है। इसके अलावा, इस क्षेत्रीय जंग में लेबनान का उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह भी पूरी तरह कूद पड़ा है। हिजबुल्लाह, ईरान के समर्थन से अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत का बदला लेने के लिए इजराइल के कई ठिकानों पर लगातार बमबारी कर रहा है, जिससे हालात और भी बेकाबू हो गए हैं।

**इजरायल के हमले में घायल.....**

के विशिष्ट सैन्य बल, जिनमें रिवोल्यूशनरी गार्ड के अधिकारी भी शामिल हैं, ईरानी जनता को अपने हथियार सौंप देंगे। उनसे जब पूछा गया कि वे ईरान का नेतृत्व करने के लिए किसे देखना चाहते हैं, तो उन्होंने कहा, मेरे पास तीन बहुत अच्छे विकल्प हैं। मैं अभी वह उजागर नहीं करूंगा। पहले काम पूरा कर लेते हैं। लेकिन फिर उन्होंने एक ऐसे परिदृश्य का वर्णन किया, जिसमें ईरानी जनता मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकेगी।

**सीएम ममता ने ईसी पर लगाए गंभीर....**

गए हैं और बड़ी संख्या में मतदाताओं की पात्रता जांच के दायरे में रखी गई है। इसे लेकर राजनीतिक विवाद और गहरा गया है। एक तरफ भाजपा इसे चुनाव प्रक्रिया की सफाई बता रही है, वहीं तृणमूल कांग्रेस इसे राजनीतिक साजिश करार दे रही है। चुनाव नजदीक आते ही बंगाल की राजनीति और अधिक गरमाने के संकेत मिल रहे हैं।

**जंग उन्होंने शुरू की, खत्म हम....**

को यह कोशिश पिछले हफ्ते ही करनी चाहिए थी। फिलहाल ट्रंप अपने जनरलों के साथ बैठक कर रहे हैं और मिडिल ईस्ट में अमेरिकी सैन्य अभियान पूरी ताकत के साथ जारी है। मिडिल ईस्ट के साथ-साथ दक्षिण एशिया में भी हालात बिगड़ रहे हैं। पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर एक साथ तीन मोर्चों पर संकट का सामना कर रहे हैं। भारत के साथ पुराना तनाव, बलूचिस्तान में बीएलए के बड़ते हमले और अब अफगानिस्तान के तालिबान के साथ खुली जंग ने पाकिस्तान की मुश्किलें बड़ा दी हैं। 27 फरवरी 2026 तक हालात इतने खराब हो गए हैं कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर ओपन वॉर घोषित कर दिया है।

**बड़ी लहर आना बाकी है, ट्रंप की....**

के अधिकारी भी शामिल हैं, ईरानी जनता को अपने हथियार सौंप देंगे। उन्होंने कहा, अगर आप इस बारे में सोचें तो वे सचमुच जनता के सामने आत्मसमर्पण कर देंगे। फिर उन्होंने ईरान में सत्ता परिवर्तन का एक बिल्कुल अलग मॉडल पेश किया, जिसमें उन्होंने वेनेजुएला में अपने अनुभव का बार-बार जिक्र किया, जब उन्होंने डेल्टा फोर्स की एक टीम को मादुरो को गिरफ्तार करने का आदेश दिया था। ट्रंप ने कहा, मुझे लगता है कि हमने वेनेजुएला में जो किया, वह एक आदर्श, एकदम सही परिदृश्य था। खामेनेई की मृत्यु के बाद ईरान में सर्वोच्च सत्ताधारी पद पर कौन होना चाहिए या यहां तक कि इस बारे में निर्णय कौन लेगा, इस प्रश्न पर उनका जवाब अस्पष्ट था। उनसे जब पूछा गया कि वे ईरान का नेतृत्व करने के लिए किसे देखना चाहते हैं, तो उन्होंने कहा, मेरे पास तीन बहुत अच्छे विकल्प हैं। मैं अभी वह उजागर नहीं करूंगा। पहले काम पूरा कर लेते हैं। लेकिन फिर उन्होंने एक ऐसे परिदृश्य का वर्णन किया, जिसमें ईरानी जनता मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकेगी। ट्रंप ने कहा, %यह उन पर निर्भर करेगा कि वे ऐसा करते हैं या नहीं। वे वर्षों से इस बारे में बात कर रहे हैं, इसलिए अब जाहिर तौर पर उन्हें मौका मिलेगा। यह निश्चित रूप से वेनेजुएला मॉडल के बिल्कुल विपरीत होगा, जिसे उन्होंने कुछ मिनट पहले दोहराने की इच्छा जताई थी।

**केन्द्रीय वित्तमंत्री से मिले मुख्यमंत्री....**

हेल्दी है और न ही ट्रांसपेरेंट। उन्होंने इसे बंद करने को कोऑपरेटिव फेडरलिज्म की भावना को कमजोर करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान का आर्टिकल 275(1) राज्यों को ऐसे ग्रांट देने का प्रावधान करता है जो उनकी रेवेन्यू रिसीट और खर्च के बीच के अंतर को कम नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब फाइनेंस कमीशन ने छोटे पहाड़ी राज्यों की विकास संबंधी जरूरतों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया है। उन्होंने फाइनेंस मिनिस्टर को यह भी बताया कि पिछले दो-तीन वर्षों से खर्च कम करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं, कोई ऑफ-बजट उधार नहीं लिया गया और अलग-अलग सेस के जरिए सालाना लगभग 600 करोड़ रुपये जुटाए गए। उन्होंने कहा कि जीएसटी की वजह से राज्य को रेवेन्यू का नुकसान हुआ और जहां भी मुमकिन हो, टैक्स रेट बढ़ाने और सब्सिडी को सही करने के बावजूद, रेवेन्यू घाटे के अंतर को कम नहीं किया जा सका। सुक्खू ने केंद्रीय फाइनेंस मिनिस्टर से पहाड़ी राज्यों की इकॉनमी का ठीक से आकलन करने और सुधार के उपायों की सिफारिश करने के लिए एक कमेटी बनाने का अनुरोध किया।

**वोटर लिस्ट से नाम कटने पर....**

अगर इस साल के आखिर में होने वाले राज्य में अहम विधानसभा चुनावों के बाद बीजेपी सत्ता में आती है, तो पश्चिम बंगाल में महिला सशक्तिकरण के लिए 5,700 करोड़ रुपये का खास प्रावधान किया जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि बंगाल की माताओं और बहनों की इज्ज़त, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण पक्का करने के लिए खास योजनाएं लागू की जाएंगी। उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार के कर्मचारियों की केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बराबर महंगाई भत्ता और उन पर बने एरियर का पेमेंट न होने की शिकायतों के मुद्दे पर भी बात की और भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार के कर्मचारियों को 7वें वेतन आयोग के नियमों के मुताबिक नया पे स्ट्रक्चर दिया जाएगा। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि अगर इस बार पश्चिम बंगाल में बीजेपी सत्ता में आती है तो पश्चिम बंगाल सरकार में खाली पदों को भरने का प्रोसेस इस कैलेंडर साल के आखिर तक शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने राज्य में पिछले 16 साल के तृणमूल कांग्रेस शासन के दौरान भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई शुरू करने का भी वादा किया।

**एनएच-30 के 122 किमी....**

सुगमता सुनिश्चित की जा सके। उपमुख्यमंत्री ने जिला कबीरधाम मुख्यालय कवर्धा में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने के लिए 4-लेन मय पेव्ड शोल्डर कवर्धा बायपास के निर्माण का प्रस्ताव भी रखा। उनका कहना है कि बायपास बनने से शहर के भीतर दुर्घटनाओं की संभावना घटेगी और यातायात सुचारू रहेगा। नागपुर से लौटने के बाद रायपुर एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए विजय शर्मा ने बताया कि सिमगा से रायपुर और धवईपानी से जबलपुर तक 4-लेन निर्माण के आदेश पहले ही जारी हो चुके हैं, लेकिन बीच का महत्वपूर्ण सेक्शन शेष था। इस कड़ी को भी 4-लेन में बदलने का आग्रह किया गया है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने पर जबलपुर से रायपुर तक आमजन को निर्बाध 4-लेन मार्ग की सुविधा मिल सकेगी, जिससे क्षेत्रीय व्यापार, आवागमन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

**छत्तीसगढ़ में 127 किसानों के फर्जी....**

थी कि वे इस शिकायत की जांच कराएंगे। कलेक्टर की पहल से किसानों को राहत मिली है लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि किसानों की ऋण राशि का समायोजन कैसे होगा। किसानों ने आरोप लगाया था कि उन्होंने न तो उतनी राशि का ऋण लिया और न ही किसी प्रकार की निकासी की अनुमति दी, फिर भी उनके खातों में भारी-भरकम ऋण दर्शाया गया है। किसानों ने बताया था कि धान विक्रय के बाद जब किसान भुगतान के लिए सहकारी बैंक पहुंच रहे थे तो पता चला था कि उनकी पूरी या आंशिक राशि ऋण समायोजन में काट ली गई है। कई प्रकरणों में मृतकों और यहां तक कि भूमिहीन व्यक्तियों के नाम पर भी ऋण चढ़ाया गया था, जबकि संबंधित लोगों ने कभी ऋण लिया ही नहीं था। किसानों का कहना है कि ऋण की सूची मांगने पर समिति कर्मचारी टालमटोल कर रहे थे और जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा रही थी। कई छोटे किसान ऐसे हैं जिनकी पूरी धान बिक्री के बाद भी कथित ऋण की भरपाई नहीं हो पा रही थी जिससे वे गंभीर मानसिक दबाव में थे।

# सादगी और जनसमर्पण के प्रतीक हैं विधायक भोलाराम साहू - विपिन यादव



जोंधरा (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू के जन्मदिन के अवसर पर क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा। इस विशेष अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन यादव के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विधायक के निवास पहुँचकर उनका आत्मीय अभिनंदन किया। जिलाध्यक्ष ने पुष्पगुच्छ भेंट कर विधायक के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर जनसेवा के संकल्प की कामना की। विधायक को बधाई देते हुए जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि भोलाराम साहू का राजनीतिक जीवन सादगी, संघर्ष और जनसमर्पण का अनूठा उदाहरण है। उन्होंने कहा, विधायक ने सदैव क्षेत्र की जनता की आवाज़ को मजबूती से शासन तक पहुँचाया है और विकास कार्यों को अपनी प्राथमिकता में रखा है। उनका नेतृत्व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर संगठन की एकजुटता दिखाई दी। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राहुल तिवारी, पंकज बांधव, चुम्मन साहू तथा जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से विधायक को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विधायक भोलाराम साहू ने भावुक स्वर में कहा कि जनता का अटूट स्नेह और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं के त्वरित समाधान और खुज्जी के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि वे जनसेवा के पथ पर निरंतर सक्रिय रहेंगे।

# लाइनमैन ईश्वर लाल वर्मा को मिलेगा राष्ट्रीय पुरस्कार



डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी में कार्यरत लाइनमैन ईश्वरलाल वर्मा मुसराकला को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। 7 मार्च को दिल्ली के लोधी रोड में आयोजित एक विशेष भव्य कार्यक्रम में श्री वर्मा सम्मानित होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएसईबी के चीफ इंजीनियर राजेंद्र प्रसाद के द्वारा दिए गए आदेश के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश में तीन लोगों का चयन किया गया है। जिसमें ईश्वर लाल वर्मा मुसराकला प्रथम स्थान पर, इंदिरा कुमार रायपुर द्वितीय स्थान पर, अर्जुन लाल वर्मा सिलियारी तृतीय स्थान पर चयनित किए गए हैं। ज्ञातव्य है कि, ईश्वर लाल वर्मा अपने कार्य के प्रति दक्ष हैं। उन्होंने विद्युत मंडल की वसूली सहित अन्य कार्यों में भी आशातीत सफलता प्राप्त की है। उन्हें विभिन्न कार्यों के साथ-साथ राजस्व वसूली पब्लिक रिलेशन व त्वरित कार्रवाई के लिए जाना जाता है। उनके खिलाफ अब तक कोई भी शिकायत क्षेत्र में नहीं है। संतुष्ट ग्राहकों के साथ वे अपने कार्य में हमेशा दक्ष रहते हैं। इसलिए उनका चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। उन्हें मिली इस सफलता से जहां परिवार के लोग हर्षित हैं वहीं इष्ट मित्रों एवं परिचितों ने उन्हें बधाईयां दी है एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। निश्चित रूप से कार्य करने वाले योद्धा के लिए यह सम्मान और आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा।

# पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में कई बड़े फैसले जांजगीर में द्वितीय प्रांतीय अधिवेशन 12 अप्रैल को



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष पीआर यादव की अध्यक्षता में कर्मचारी भवन में संपन्न हुई। बैठक में पेंशनरों के हित और संगठन विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में तय किया गया कि एसोसिएशन का द्वितीय प्रांतीय अधिवेशन 12 अप्रैल 2026 को जांजगीर में आयोजित किया जाएगा। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत महंगाई राहत भुगतान को छत्तीसगढ़ में लागू कराने हेतु याचिका दायर करने का अधिकार प्रदेश अध्यक्ष को दिया गया।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना लागू करने की मांग मुख्यमंत्री को ज्ञापन के जरिए भेजी जाएगी। पेंशन में 20 प्रतिशत वृद्धि और आयु सीमा को 70 वर्ष करने की जोरदार मांग की गई।

बिलासपुर जिले में सदस्यता अभियान को पुनः जोर-शोर से चलाने का निर्णय लिया गया। तहसीलों में प्रांतीय और जिला पदाधिकारी पेंशनरों से घर-घर संपर्क करेंगे। बैठक में 20 नए सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की।

बिलासपुर जिला के लिए अध्यक्ष राजकुमार मिश्रा और सचिव निरंकार तिवारी (सहायक ग्रेड 2, वन विभाग से सेवानिवृत्त) नियुक्त किए गए। कोरबा जिला में अध्यक्ष प्रभात शर्मा और प्रांतीय सचिव सुरेश कुमार द्विवेदी को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कोरबा में सदस्यता अभियान शुरू कर पुराने पेंशनरों को एसोसिएशन से जोड़ने का निर्णय लिया गया।

बैठक में प्रांतीय पदाधिकारी आरपी सिंह, अशोक भार्गव, ललित पांडेय, एसपी करोसिया, डीएल डहरिया, राजेंद्र चंद्राकर, एके साहू, कोमल पटनवार, राजीव कस्तूरे, बिलासपुर जिला अध्यक्ष राजकुमार मिश्रा, तखतपुर अध्यक्ष नंद कुमार साहू, मस्तूरी अध्यक्ष किशून राठौड़, जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष एमपी राठौर, सचिव जीएस उपाध्याय, संभागीय अध्यक्ष जेपी उपाध्याय, कोरबा अध्यक्ष प्रभात शर्मा,ए प्रांतीय सचिव सुरेश द्विवेदी, निरंकार तिवारी सहित 100 से अधिक पेंशनर्स सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में लिए गए निर्णय संगठन को मजबूत करने और पेंशनरों के हितों के लिए नए कदम साबित होंगे।

# केसीजी जिले में उद्योगों को बढ़ावा देने इंडस्ट्री-बैंकर मीट का आयोजन, लंबित प्रकरणों पर कड़ा रुख




मप्र. जिला व्यापार केंद्र ने आरएएमपी योजना के तहत की समीक्षा, फूड प्रोसेसिंग इकाईयों पर दिया विशेष जोर

खैरागढ़ (दावा)। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा रेजिंग एंड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना के तहत मैकल सदन में एक दिवसीय इंडस्ट्री-बैंकर मीट का आयोजन किया गया।

जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की राह में आने वाली वित्तीय बाधाओं को दूर करने पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक प्रणय बघेल ने आरएएमपी कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत बैंकों में लंबित ऋण प्रकरणों की बिंदुवार समीक्षा की। इस दौरान बैंक प्रबंधकों से देरी का कारण पूछा गया और पात्र प्रकरणों की स्वीकृति के लिए अंतिम तिथि निर्धारित की गई।

### नई औद्योगिक नीति 2024-30 पर चर्चा

बैठक के अगले सत्र में छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के अंतर्गत थ्रस्ट सेक्टर (प्राथमिकता वाले क्षेत्र) के उद्योगों की जानकारी दी गई। जिले की भौगोलिक स्थिति और संसाधनों को देखते हुए भविष्य में स्थापित होने वाले संभावित उद्योगों की सूची पर भी विचार-विमर्श किया गया। अपने संबोधन में जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने बैंकों और शासकीय अधिकारियों को नसीहत देते हुए कहा कि छोटे उद्यमियों के पास वित्तीय सलाहकारों की कमी होती है, इसलिए उन्हें बैंक स्तर पर ही मार्गदर्शन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि चूंकि हमारा जिला मुख्य रूप से कृषि प्रधान है और 80त्न आबादी इसी पर निर्भर है, इसलिए यहां फूड प्रोसेसिंग (खाद्य प्रसंस्करण) इकाइयों की व्यापक संभावनाएं हैं। छोटे ऋण से शुरू कर उद्योगों को क्रमिक रूप से विकसित करना जिले की प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने का सही तरीका है। बैठक में अग्रणी बैंक प्रबंधक, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि विभाग और उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों सहित विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक और बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में महाप्रबंधक द्वारा सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

# होली पर हुड़दंगियों की खैर नहीं : बालोद पुलिस अलर्ट मोड पर, चप्पे-चप्पे पर रहेगी नजर




एसपी के निर्देश पर सघन जांच अभियान शुरू, नशा कर उत्पात मचाने वालों पर होगी सख्त कानूनी कार्रवाई

बालोद (दावा)। होली पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में सघन तलाशी एवं चलानी कार्रवाई का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देश पर सिटी कोतवाली प्रभारी शिशुपाल सिन्हा के नेतृत्व में शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों, संवेदनशील इलाकों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। त्योहार के मद्देनजर दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की लगातार जांच की जा रही है।

ट्रिपल राइडिंग बिना हेलमेट वाहन चलाना शराब पीकर ड्राइविंग तेज रफ्तार वाहन सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग जैसे मामलों में तत्काल चालानी कार्रवाई की जा रही है। कोतवाली प्रभारी श्री सिन्हा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नशापान कर उत्पात मचाने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। कानून व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### होटल-लॉज और सोशल मीडिया पर निगरानी

पुलिस द्वारा होटल, लॉज और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी जांच अभियान चलाया जा रहा है। वहीं सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर भी पुलिस की पैनी नजर है, ताकि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना से माहौल खराब न हो। पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों से अपील की है कि होली का पर्व प्रेम, भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाएं। जबरन रंग लगाने, हुड़दंग करने या कानून तोड़ने वालों पर सख्ती से कार्रवाई होगी। जिला पुलिस ने साफ कर दिया है कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या शरारत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन को विश्वास है कि इस वर्ष होली का पर्व जिले में शांति, उल्लास और सौहार्द न बिगड़े।

# बिना सबूत के मीडिया में गलत बयानबाजी बंद करें : ओमप्रकाश



डोंगरगांव (दावा)। शराब नीति में भ्रष्टाचार के मामले में दिल्ली के न्यायालय का फैसला स्वागत योग्य एवं न्यायिक इतिहास के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। हाल ही में दिल्ली के अतिरिक्त जिला जज द्वारा चर्चित शराब नीति में हुए भ्रष्टाचार मामले में फैसला दिया गया। जिसमें सीबीआई द्वारा आरोपी बनाये गए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल व उपमुख्यमंत्री दिल्ली को पेश किए गए केस में किसी प्रकार का कोई भी सबूत नहीं होने के कारण चार्ज लगने योग्य नहीं माना तथा चार्ज लगाये बिना ही उनको दोष मुक्त करने का आदेश दिया गया।

आम आदमी पार्टी के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष व अधिवक्ता ओमप्रकाश पाठक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कोर्ट ने केस दर्ज करने वाली एजेंसी को अनुमान के आधार पर ही पूरा केस होना बताया तथा पूरे केस में एक भी सबूत श्री केजरीवाल व मनीष सिसोदिया के विरुद्ध पेश नहीं कर पायी है। वहीं अदालत ने जांच अधिकारी के विरुद्ध भी जांच का आदेश दिया है। यह केस भारत देश के न्यायिक इतिहास के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। न्यायालय का यह निर्णय स्वागत योग्य है तथा मैं अदालत के इस फैसले के बाद उन बीजेपी नेताओं को बोलना चाहता हूँ।

जो केस दर्ज होने के बाद मिडिया में उछल-उछल कर मुख्यमंत्री केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री सिसोदिया सहित पूरी आप पार्टी को भ्रष्टाचारी बोलते थे वह सभी माफी मांगे और भविष्य में बिना सबूत के मिडिया में गलत बयान बाजी बंद करें।

# नेहरु महाविद्यालय डोंगरगढ़ में श्री अन्न फूड फेस्टिवल का भव्य आयोजन




डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में दिनांक 27 फरवरी को राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रुसा) प्रिपेरेटरी ग्रांट (रुसा 2.0) के अंतर्गत प्रभारी प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) ई. व्ही. रेवती के मार्गदर्शन में गृह विज्ञान विभाग एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में श्री अन्न (मिलेट्स) आधारित भव्य फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अनेश्वर वर्मा (राज्य अलंकृत समृद्ध कृषक, पारागांवखुर्द) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अजय श्रीवास्तव (प्राचार्य, शासकीय नवीन महाविद्यालय ठेलकाडीह) उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त डॉ. (श्रीमती) एच. एल. गायकवाड़ (सहायक प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय एल.बी. नगर), वी क्लब से ऊषाकिरण शाह, श्रीमती भावना सिंह, ममता साहू, अनुष्का जैन, आई.टी.आई. से श्री बंजारे , प्रतिभा बांडे, माधवी राव, योध्दा सिंह राठौर, ईश्वरलाल निर्मलकर तथा डॉ. आलोक कलचुरी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, डोंगरगढ़) की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं अतिथियों के पुष्पगुच्छ से स्वागत के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) ई. व्ही. रेवती ने अपने उद्बोधन में श्री अन्न के पोषण महत्व, स्वास्थ्य लाभ एवं स्वरोजगार की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने भी मिलेट्स के उत्पादन, उपयोग और उनके व्यापक स्वास्थ्य लाभों पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में रुसा प्रभारी डॉ. आर. आर. कोचे, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी संयोजक डॉ. (श्रीमती) आशा चौधरी, गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी, श्रीमती सोनाली लोया खानखोजे, डॉ. नीता राजपूत, डॉ. नौशीन अंजुम, सुश्री अनिमा मिंज, डॉ. रोशनी राठौर सहित प्राध्यापकों एवं छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. नीता राजपूत एवं आभार प्रदर्शन सहा.प्राध्या.अविनाश सिंह द्वारा किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, डॉ. एम. एल. नन्देश्वर, जी. के. यादव, हेमुराम पदमे, ओ. पी. वर्मा, बेदप्रकाश साहू, गुलशन सिन्हा, नितिन शांडिल्य, संदीप गजभिए अतिथि व्याख्याता, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह आयोजन स्वास्थ्य, स्वाद और उद्यमिता का सफल संगम सिद्ध हुआ।

### विभिन्न संस्थाओं ने लगाए स्टॉल

फूड फेस्टिवल में कुल 26 स्टॉल लगाए गए। महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ शासकीय नवीन महाविद्यालय ठेलकाडीह, शासकीय महाविद्यालय एल.बी. नगर, केन्द्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ तथा ज्ञानोदय विद्यापीठ चंद्रगिरी (डोंगरगढ़) के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दी।रागी, ज्वार, बाजरा, कोदो आदि मिलेट्स से निर्मित खीर, इडली, मोमोज, मालपुआ, पकौड़ा, उपमा, लिट्टी-चोखा, चीला, केक, पापड़ी भेल, पास्ता, झुणका-भाकर, चाट, लड्डू, दही गुजिया, रागी जूस, लस्सी एवं छाछ जैसे व्यंजन विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

### केंद्रीय विद्यालय ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

निर्णायक मंडल के मूल्यांकन में केन्द्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ के राजनीति विज्ञान विभाग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि शासकीय नवीन महाविद्यालय ठेलकाडीह एवं शासकीय महाविद्यालय एल.बी. नगर ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। महाविद्यालय के एम.एससी. रसायनशास्त्र एवं एम.ए. अंग्रेजी के छात्र-छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# शासकीय विद्यालय टटेंगा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर हुए रोमांचक प्रयोग




रमन प्रभाव की दी गई जानकारी, विद्यार्थियों ने औषधीय पौधों के चार्ट के माध्यम से प्रदर्शित किया वैज्ञानिक ज्ञान

हरदी (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में विज्ञान के प्रति चेतना बढ़ाने तथा विज्ञान की जानकारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य चंद्रमणि वासनिक ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती तथा विज्ञान के क्षेत्र में प्रथम नोबेल विजेता भारतीय तथा भारतरत्न डॉ. सीव्ही रमन के पूजन से हुई।

भौतिक शास्त्र के व्याख्याता पवन सिन्हा ने अनेक प्रयोगों के माध्यम से विद्यार्थियों को रोमांचित करते हुए विज्ञान के चमत्कार दिखाए व उन प्रयोगों के सिद्धांत बताते हुए वैज्ञानिक सोच बढ़ाने का प्रयास किया। वाणिज्य के व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने कहा कि विकसित राष्ट्र तथा वैश्विक हित के लिए आज विज्ञान की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। नवाचार के माध्यम से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का निर्माण कर देश के भविष्य को संवारने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्राचार्य चंद्रमणि वासनिक ने संबोधित करते हुए सभी वैज्ञानिकों को नमन किया तथा कहा कि आज स्वास्थ्य, स्थिरता तथा विकास सभी विज्ञान से ही संभव है। विज्ञान के द्वारा ही हमारा जीवन संपादित होता है। सहायक शिक्षक वेदप्रकाश साहू ने तथा अतिथि व्याख्याता बिंदु पटेल ने कविता के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए स्वामी विवेकानंद यूथ एंड इको क्लब प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने बताया कि महान भारतीय वैज्ञानिक भारत रत्न डॉक्टर डॉ. सीव्ही रमन पहले भारतीय तथा एशियाई व्यक्ति थे जिन्हें विज्ञान के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ।

उन्होंने आज के ही दिन प्रकाश के प्रकीर्णन की खोज की। जिसे रमन प्रभाव कहा जाता है। इसके अलावा प्रयोग के माध्यम से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच लाने का प्रयास किया। भावना बघेल ने प्रयोग के माध्यम से तथा मुस्कान, भावना, दामिनी साहू व सुषमा सुधाकर ने औषधीय युक्त बीज एवं पत्तियों के नाम, वैज्ञानिक नाम तथा उनके गुणों को समझने वाले चार्ट प्रदर्शित किए। इस अवसर पर महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु साहू के साथ बड़ी संख्या विद्यार्थी उपस्थित थे।

# शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं पदक वितरण समारोह संपन्न



सांसद संतोष पांडेय ने की दो स्मार्ट बोर्ड की घोषणा, महापौर मधुसूदन यादव देंगे बाउंड्रीवॉल के लिए 15 लाख

राजनांदगांव (दावा)। गौरव पथ स्थित शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के ऊर्जावान परिसर में 28 फरवरी को वार्षिक पदक वितरण समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं महाविद्यालयीन पत्रिका अभ्युदय का विमोचन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडेय उपस्थित रहे। जबकि अध्यक्षता महापौर मधुसूदन यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में खूबचंद पारख, सचिन सिंह बघेल और पूर्व प्राचार्या श्रीमती सुमन बघेल ने शिरकत की। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रभारी प्राचार्या डॉ. निर्मला उमरे ने स्वागत भाषण में महाविद्यालय की भावी विकास योजनाओं का खाका प्रस्तुत किया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप अतिरिक्त कक्षों के निर्माण, रिक्त पदों की पूर्ति, 20 किलोवॉट सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना और डिजिटल लाइब्रेरी के प्रस्तावों की जानकारी दी।

### प्रतिभाओं का सम्मान और घोषणाएं

मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय ने मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए कहा कि सफलता परिवार, शिक्षक और समाज की सामूहिक साधना का फल है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग हेतु महाविद्यालय को दो आधुनिक इंटरएक्टिव स्मार्ट बोर्ड देने की घोषणा की। वहीं, महापौर मधुसूदन यादव ने कॉलेज की बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए 15 लाख रुपये देने तथा सेमिनार हॉल व गार्डन के विस्तार का आश्वासन दिया। सत्र 2025-26 के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए गए। जिसमें बी.कॉम में अंचल कसर, चैतन्य कुमार साहू, बी.ए. में लुमिना, रूपेश कुमार, बी.एससी. (बायो) में गिरीश कुमार, ताकेश्वरी साहू, बी.एससी. (गणित) में चंदनी, नम्रता द्विवेदी, एम.एससी. (गणित/केमिस्ट्री) में धलेश्वर, जान्हवी उके एवं पीजीडीसीए में दीपिका को मिला। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रवि सिन्हा ने पदक विजेता छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह पदक आपकी रातों की मेहनत का उजाला है। सांस्कृतिक संध्या में विद्यार्थियों ने देश की विभिन्न लोक कलाओं और शास्त्रीय नृत्यों की मनोहारी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. एस.आर. कन्नोजे ने किया एवं आभार प्रदर्शन अनिल चंद्रवंशी द्वारा किया गया। इस अवसर पर

# डरावने मुखौटों से दहशत फैलाने वालों पर पुलिस का प्रहार : 179 दुकानों से आपत्तिजनक सामग्री जब्त



**होली पर हुड़दंग और भय रोकने के लिए पुलिस सख्त, व्यापारियों को चेतावनी— शांति भंग करने वाली सामग्री न बेचें**

राजनांदगांव (दावा)। होली पर्व पर शहर में रंग गुलाल पिचकारियों की दुकानें सजी है। इन दुकानों में रंग-गुलाल पिचकारियों के अलावा नकली बाल दाढ़ी मूंछ व तरह-तरह के भयानक मुखौटे भी बिक रहे हैं। इन मुखौटों को देख कर बच्चे तो, क्या बड़े भी डरने लगते हैं। इसे देखते हुए पुलिस द्वारा लोगों में भय और भ्रम पैदा करने वाले इन मुखौटों को रंग-गुलाल पिचकारियों की दुकानों से जब्त किया गया है। बता दें कि, इसके पहले पुलिस द्वारा होली की सामग्री बेचने वाले व्यापारियों की दुकानों का सघन जांच किया गया और दुकानें चिह्नित कर पर्व पर उक्त मुखौटे लगाकर किसी तरह की बदमाशी की जाने या लोगों को इन भयानक चेहरे वाले मुखौटे लगाकर डराए जाने से रोकने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा उक्त जब्ती कार्रवाई की गई।

### 179 दुकानों में की गई जब्ती कार्रवाई

बताते चलें कि, रंगों का पर्व होली को देखते हुए शहर सहित जिले भर में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों व हुड़दंगियों पर नजर रखने हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी चौकसी व्यवस्था की गई है। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देश व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न बाजार क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया गया है। उक्त अभियान के दौरान ऐसी दुकानों की जांच की गई जहां भ्रामक व भय उत्पन्न करने वाले अथवा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने की आशंका वाले मुखौटे व आपत्तिजनक सामग्री का विक्रय किया जा रहा था। पुलिस द्वारा जिले भर की 179 दुकानों को चेक किया गया। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित दुकानों से भयोत्पादक आपत्ति जनक मुखौटे जप्त की गई और दुकानदारों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की गई। पुलिस द्वारा दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि, वे किसी भी प्रकार की ऐसी सामग्री का विक्रय न करें, जिससे सामाजिक सौहार्द, शांति व्यवस्था व जन भावनाएं प्रभावित हो। आपत्तिजनक सामग्री बेचते पाए जाने पर जब्ती कार्रवाई के साथ-साथ कानून तोड़ने संबंधी भी कार्रवाई की जाएगी।

# नगर में 4 मार्च को बहेगी भक्ति की बयार, भगवान राधाकृष्ण संग मनेगा भव्य रंगोत्सव



**3000 लीटर टेसू के रंग और इत्र की होगी वर्षा, चंद्रग्रहण के कारण इस वर्ष 4 मार्च को निकलेगी शोभायात्रा**

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगर में होली के अवसर पर आयोजित होने वाला पारंपरिक रंगोत्सव इस वर्ष भी भव्यता और अनुशासन के साथ मनाया जाएगा। कामठी लाइन स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा 4 मार्च को भगवान राधाकृष्ण की शोभायात्रा निकाली जाएगी। सुबह 9:20 बजे मंदिर परिसर से विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात भगवान को रथ पर विराजमान कर आरती पश्चात यात्रा प्रारंभ होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) नीलू शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत तथा पूर्व महापौर श्रीमती हेमा देशमुख शामिल होंगे। सभी अतिथि भगवान की पूजा-आरती कर शोभायात्रा को विधिवत रवानगी देंगे। समिति ने जानकारी दी कि 2 मार्च को होलिका दहन होगा। 3 मार्च को चंद्रग्रहण होने के कारण इस वर्ष धुलेंडी (रंगोत्सव) 4 मार्च को मनाई जाएगी।

### विस्तृत शोभायात्रा मार्ग

शोभायात्रा कामठी लाइन मंदिर से प्रारंभ होकर भारत माता चौक, हलवाई लाइन, आजाद चौक, सिनेमा लाइन, महाकाल चौक, जगन्नाथ मंदिर मार्ग, गौशाला पारा, तेली पारा, जैन दादा बाड़ी मंदिर, जैन मंदिर, रामदेव बाबा मंदिर, गंज बालाजी मंदिर, गंज लाइन, तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग, दासी श्याम गली होते हुए पुनः सत्यनारायण मंदिर पहुंचेगी। दोपहर लगभग 12:30 बजे समापन होगा।

### वृंदावन की तर्ज पर भक्त और भगवान साथ

लगभग चार दशक पूर्व विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष एवं मंदिर समिति के ट्रस्टी स्व. नथमल अग्रवाल की प्रेरणा से प्रारंभ यह परंपरा आज भी उसी श्रद्धा एवं भक्ति के साथ निभाई जा रही है। वृंदावन की तर्ज पर यहां भक्त और भगवान एक साथ रंग खेलते हैं। मंदिर समिति द्वारा प्राकृतिक टेसू (पलाश) के फूलों, गुलाब जल एवं इत्र से विशेष सुगंधित केसरिया रंग तैयार किया जाता है। लगभग 3000 लीटर रंग की व्यवस्था की जाती है, जो रथ से भक्तों पर फुहार के रूप में डाला जाता है।

### चलित झांकी बनेगी आकर्षण का केंद्र

गणेश विसर्जन झांकी की तर्ज पर भव्य चलित झांकी तैयार की गई है। स्थानीय कलाकारों द्वारा झांकी प्रभारी लक्ष्मण लोहिया के निर्देशन में इसका निर्माण किया गया है। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को एकरूपता के लिए साफा, पगड़ी या आकर्षक टोपी पहनाई जाएगी।

### भजनों की गूंज और स्वागत की परंपरा

फागुन के सुमधुर भजनों के साथ युवक, बच्चे एवं बुजुर्ग नृत्य करते हुए यात्रा में शामिल होंगे। नगर के सभी भजन गायक इस दौरान अपनी सुमधुर प्रस्तुति देंगे। पूरे मार्ग में नागरिकों द्वारा ठंडाई, मिठाई, फल एवं जलपान की व्यवस्था की जाएगी। समिति ने स्पष्ट किया है कि शोभायात्रा में काले एवं तैलीय रंगों का प्रयोग पूर्णतः वर्जित रहेगा। केवल केसरिया, लाल एवं गुलाबी रंग एवं गुलाल का ही उपयोग किया जाएगा। सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया ने कहा कि 'यह रंगोत्सव केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरूकता का प्रतीक है। जब से यह शोभायात्रा प्रारंभ हुई है। तब से होली के दौरान होने वाली अव्यवस्थाएं और अशोभनीय रंगों का प्रचलन कम हुआ है। आज लोग सुगंधित केसरिया रंग में शांतिपूर्ण और मर्यादित ढंग से होली मनाते हैं। शोभायात्रा में उपस्थित भगवान राधाकृष्ण के ऊपर कोई भी भक्त बिना किसी भेदभाव, ऊंच-नीच, अमीर-गरीब के रंग गुलाल एवं प्रसाद चढ़ाकर अपनी मनोकामना पूर्ण कर सकते है। हमारा उद्देश्य है कि भक्त और भगवान के इस दिव्य मिलन के माध्यम से समाज में प्रेम, भाईचारा और सद्भाव का संदेश पहुंचे।'

# श्रीश्यामकुटी में अनूठी होली : भक्त नहीं, स्वयं प्रभु अपने प्रेम के रंग से भिगोते हैं श्रद्धालुओं को

**55 वर्षों की अटूट परंपरा : केसर और इत्र की फुहारों के बीच मना फाल्गुन उत्सव, उमड़ी भक्तों की भारी भीड़**





राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी शहर के श्रीश्यामकुटी परिवार द्वारा होली के रसिया श्री खाटूधाम के श्री श्यामप्रभु की होली बंसत पंचमी से शुरू होकर होली तक चलती है। फाल्गुन शुल्क की ग्यारस के उत्सव के तृतिया दिवस 27 फरवरी की सुबह को 8 से 10 बजे तक भक्तों ने जमकर होली के भजनों और श्री दासीश्याम प्रभु के द्वारा अपने भक्तों पर केसर और इत्र डालकर समस्त उपस्थित श्रद्धालुजन को अपने रंग से सरोबार कर दिया। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि श्री खाटूधाम में भक्तजन अपने प्रभु श्री श्याम पर केसर व इत्र समर्पित कर उन पर इत्र डालते है, लेकिन श्री श्यामकुटी की होली में यह बिल्कुल उल्टा है। यहां सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह श्री दासी श्यामप्रभु अपने भक्तों पर केसर व इत्र डालकर उनसे होली खेलते है और भक्तजन इसे अपना अहोभाग्य मानते है। 55 वर्षों से इत्र व केसर की होली श्री श्यामकुटी परिवार व श्री दासी श्याम मंडल के शिष्यगण अपनी प्यारी श्री सद्गुरू मां व श्री श्यामप्रभु के साथ खेलते आ रहे है। पूरे फाल्गुन माह में यहा के शिष्यगण चार बार होली रंगउत्सव मनाते है। पहली होली बंसत पंचमी और दूसरी होली फाल्गुन शुक्ल की ग्यारस पर सुबह केसर की तथा रात 9 से सुबह 6 बजे तक इत्र व फुलों की होली खेले। चौथी होली आने वाली होली के दिन सुबह भक्तजन भजनों के साथ केसर की होली खेलेंगे। रंगउत्सव के चौथे दिन बारस पर उपस्थित भक्तों ने अपने-अपने जोड़े व परिवार के साथ श्री श्यामप्रभु की ज्योत और प्रसाद लेकर बाहरी भक्तजन अपने-अपने घरों के लिए रवाना हुए यहां के श्री दासी श्याम दरबार में गठजोड़े की जात, बच्चों का जातजडूला भी वर्षो से होता आ रहा है। गऊ सेवा, संतसेवा, अतिथि सेवा के साथ-साथ सत्संग व किर्तन, पूजा-पाठ की सेवा यहां के तीसरी पीढ़ी ने संभाल ली है और मंदिर की स्थापना से ही यहां दर्शनार्थियों व भक्तों की भीड़ बढ़ती जा रही है। श्री श्याम कुटीधाम को ही यहां आने वाले भक्तजन अपना श्री खाटू श्याम धाम भी मानते है। शहर में आये बड़े सिंगर भजन गायक बिना बुलाए ही स्वविवेक व प्रेरणा से ही खुद चलकर श्री दासी श्याम दरबार में आकर अपने भजनों को सुनाकर अपना जीवन सफल बताते है। श्री श्यामकुटी परिवार द्वारा कुछ वर्षो में मनाए जाने वाला श्री सद्गुरूमां की स्वर्ण जयंती तथा प्रभु के स्थापना के हिरक जयंती दोनों स्वर्ण व हिरक जयंती एक साथ यहां की तीसरी से छटवी पीढ़ी के लोग एक साथ मनाएगे। प्रभु के उत्सव व जयंती पर्व पर अकोला के आठ बार के विधायक रहे श्री गोवर्धन शर्मा तथा वृंदावन के प्रख्यात भागवताचार्य अनुराग कृष्ण शास्त्री (कन्हैया) भी यहां आकर अपनी हाजरी लगाते है और भजनों के गायन से अपनी सेवाएं देते आ रहे है। पूर्व सांसद व वर्तमान महापौर मधुसूदन यादव भी दर्शन लाभ, प्रसाद लेने वर्षो से निरंतर आ रहे है। अगला उत्सव अब जो कि एक दिवसीय होगा। वह जुलाई की गुरूपूर्णिमा में मनाया जाएगा।

# सावधान श्रद्धालु : आज चंद्रग्रहण के कारण दिनभर बंद रहेंगे माँ बम्लेश्वरी के पट




**सुबह 8:45 से रात 7:30 बजे तक वर्जित रहेंगे दर्शन, सूतक काल और ग्रहण के चलते लिया गया निर्णय**

डोंगरगढ़ (दावा)। फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा, आज मंगलवार 3 मार्च को लगने वाले 'खग्रास चंद्रग्रहण' का सीधा असर धार्मिक गतिविधियों पर पड़ेगा। खगोलीय घटना और शास्त्र सम्मत नियमों के पालन में डोंगरगढ़ स्थित माँ बम्लेश्वरी मंदिर सहित ट्रस्ट द्वारा संचालित सभी मंदिरों के पट आज दिनभर बंद रहेंगे।

ज्योतिषीय गणना के अनुसार चंद्रग्रहण का सूतक काल आज सुबह 9:07 बजे से प्रारंभ हो जाएगा। ग्रहण का स्पर्श शाम 6:07 बजे होगा और ग्रहण मोक्ष (समाप्ति) शाम 6:47 बजे होगी। इन विशेष परिस्थितियों के चलते मंदिर ट्रस्ट ने सुरक्षा और शुद्धता की दृष्टि से सुबह 8:45 बजे ही सभी मंदिरों के पट बंद करने का निर्णय लिया है।

### अभिषेक और श्रृंगार के बाद होंगे दर्शन

श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के मंत्री महेन्द्र परिहार ने जानकारी दी कि ग्रहण की समाप्ति के पश्चात रात्रि 7:30 बजे माता जी का विशेष अभिषेक और भव्य श्रृंगार किया जाएगा। इसके उपरांत महाआरती संपन्न होगी। जिसके बाद ही श्रद्धालुओं को माता के दर्शन प्राप्त हो सकेंगे। ट्रस्ट समिति ने दूर-दराज से आने वाले सभी भक्तजनों और दर्शनार्थियों से निवेदन किया है कि वे चंद्रग्रहण की तिथि और समय सारणी को ध्यान में रखते हुए ही अपनी यात्रा की योजना बनाएं, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# होली पर हुड़दंग रोकने मनगटा के रिसॉर्ट्स में पुलिस की दबिश : 35 ठिकानों पर एक साथ छापा




**एसपी अंकिता शर्मा के निर्देश पर 30 अधिकारियों की टीम ने खंगाले रिसॉर्ट, अनैतिक गतिविधियों पर सख्त चेतावनी**

राजनांदगांव (दावा)। आगामी होली त्यौहार के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने और संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए राजनांदगांव पुलिस ने सोमवार को मनगटा क्षेत्र के रिसॉर्ट्स में एक बड़ा सर्च ऑपरेशन चलाया। सोमनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लगभग 35 रिसॉर्ट्स में पुलिस की अलग-अलग टीमों ने एक साथ दबिश दी। जिससे रिसॉर्ट संचालकों में हड़कंप मच गया।

पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में यह कार्रवाई मनगटा क्षेत्र के रिसॉर्ट्स में लगातार बज रहे डीजे और अवैध रूप से शराब पिलाने की मिल रही शिकायतों के आधार पर की गई। नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो और सायबर सेल की संयुक्त टीम ने इन रिसॉर्ट्स की बारीकी से चेकिंग की। हालांकि इस औचक छापेमारी के दौरान किसी भी रिसॉर्ट में फिलहाल कोई अवैध गतिविधि संचालित होती नहीं पाई गई।

### पहचान पत्र के बिना नहीं मिलेगा प्रवेश, पुलिस की हिदायत

चेकिंग के दौरान सीएसपी अलेक्जेंडर किरो ने सभी रिसॉर्ट संचालकों को कड़े लहजे में निर्देश दिए हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि रिसॉर्ट में आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति का वैध पहचान पत्र और आधार कार्ड लेकर अनिवार्य रूप से रजिस्टर में प्रविष्टि की जाए। परिसर में डीजे बजाने और नशीले पदार्थों के सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यदि भविष्य में किसी भी रिसॉर्ट के भीतर अनैतिक कार्य या कानून का उल्लंघन पाया गया, तो संचालक के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इस सघन जांच अभियान में एएसपी कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में लगभग 30 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम शामिल रही। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि होली के दौरान किसी भी पिकनिक स्पॉट या रिसॉर्ट में हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की पेट्रोलिंग और औचक निरीक्षण का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

# फाग महोत्सव के बीच महापौर की बड़ी घोषणा : नया ढाबा में पानी टंकी और नवागांव हाईस्कूल का होगा उन्नयन

**शहर के विभिन्न वार्डों में पहुंचे महापौर मधुसूदन यादव, विकास कार्यों के लिए सीएम साय और डॉ. रमन सिंह का जताया आभार**



राजनांदगांव (दावा)। महापौर मधुसूदन यादव ने शहर के विभिन्न वार्ड में आयोजित फाग महोत्सव में शामिल होकर जनता एवं वार्डवासियों का उत्साहवर्धन किया एवं उनकी खुशियों बॉटी। अपनी व्यस्त दिनचर्या में से समय निकालकर महापौर मोतीपुर, नया ढाबा, बजरंगपुर नवागांव, शंकरनगर के फाग महोत्सव के आयोजन में उपस्थित रहे। इस दौरान महापौर ने लोगों को होली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और जनता ने भी महापौर मधुसूदन को रंग-गुलाल लगाकर एवं फूलमाला पहनाकर अपने वार्डो में आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान महापौर मधुसूदन ने शहर में विभिन्न वार्डो में विकास एवं निर्माण कार्यो की घोषणा करते हुए शहर के विकास के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, छग विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव, शिक्षा मंत्री एवं प्रभारी मंत्री राजनांगांव गजेन्द्र यादव सहित राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय का आभार व्यक्त किया। इस दौरान महापौर ने जनता से शहर में, अपने वार्ड, पारा-मोहल्ला एवं मार्गो पर स्वच्छता बनाये रखने, सार्वजनिक स्थान पर कचरा फेंकने से बचने एवं सूखा तथा गीला कचरा के समुंचित निष्पादन हेतु अलग-अलग डस्टबीन का उपयोग करने का भी अनुरोध किया। महापौर सबसे पहले प्रयागराज धाम, आजाद चौक मोतीपुर में आयोजित दो दिवसीय फाग महोत्सव में शामिल हुए। जहां आयोजन समिति में रोहित यादव, आकाश यादव, प्रवीण यादव, अजय यादव, सूरज साहू, राकेश देवांगन, विनय वर्मा, गोपाल साहू, रिंकू जंघेल, सुदेश नामदेवे, लल्ला वैध एवं साथियों ने महापौर का जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात महापौर वार्ड नं. 2 शंकरनगर में आदर्श युवा फाग समिति के आयोजन में शामिल हुए। जिसके बाद पूर्व सांसद मधुसूदन ने नया ढाबा वार्ड नं. 4 में आयोजित दो दिवसीय फाग प्रतियोगिता में उपस्थित रहे। यहां वार्डवासियों के अनुरोध पर महापौर ने ओव्हरहैड पानी टंकी निर्माण की घोषणा की। महापौर ने देर शाम बजरंगपुर नवागांव में आयोजित फाग प्रतियोगिता में भी पहुंचकर जनता के साथ होली पर्व की खुशियां बांटी। महापौर ने यहां वार्डवासियों के निवेदन पर शासकीय हाईस्कूल बजरंगपुर के उन्नयन की घोषणा की।

# होली पर हुड़दंगियों पर पुलिस का शिकंजा : 35 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**एसपी अंकिता शर्मा के निर्देश पर जिले भर में चला अभियान; बसंतपुर, लालबाग और चिखली सहित कई क्षेत्रों में धरपक**



राजनांदगांव (दावा) 7 आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए राजनांदगांव पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के कड़े निर्देश पर जिले भर में असामाजिक तत्वों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस ने शांति भंग करने की आशंका वाले 35 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में विभिन्न थानों और चौकियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय बदमाशों और हुड़दंगियों की सूची तैयार कर यह कार्रवाई की। थाना बसंतपुर, लालबाग, गैंदाटोला, चौकी चिखली, सुकुल दैहन एवं चिचोला क्षेत्र में विशेष तलाशी अभियान चलाकर संदेही तत्वों को पकड़ा गया।

पकड़े गए सभी 35 व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170, 126 एवं 135(3) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। पुलिस ने सभी आरोपियों को एसडीएम न्यायालय में पेश किया। अधिकारियों ने बताया कि इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य होली के दौरान होने वाले संभावित विवाद, मारपीट और हुड़दंग को रोकना है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि त्यौहार के दौरान कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और लगातार पेट्रोलिंग (गश्त) की जा रही है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे रंगों का यह त्यौहार आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ मनाएं।

# नगर के 2 बॉडी बिल्डर ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी स्पर्धा में भाग लेंगे



**नगर के गोविन्द निषाद, निशांत उमरे का अभा अखिल महाविद्यालयीन बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा हेतु चयन**

राजनांदगांव (दावा)। नगर के 2 उभरते हुए बॉडी बिल्डर का 3 मार्च से विशाखापट्टनम आंध्रप्रदेश में आयोजित अखिल भारतीय अंतर महाविद्यालयीन बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता 2026 में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रीय निर्णायक तामेश्वर बंजारे ने बताया कि गोविंद निषाद और निशांत उमरे जो शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में बी.कॉम द्वितीय सेमेस्टर में अध्ययनरत विद्यार्थी है। विगत दिनों आयोजित की गई स्पर्धा में मि. युनिवर्सिटी का खिताब गोविंद व रनरअप निशांत उमरे रहे। वे दिग्विजय महाविद्यालय स्थित जिम फिटनेश सेंटर में अभ्यासरत है। ये दोनों खिलाड़ी आंध्रप्रदेश विशाखापट्टानम में युनिवर्सिटी में 3 से 7 मार्च तक आयोजित होने वाली स्पर्धा में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। गोविन्द निषाद व निशांत उमरे नगर के उभरते बॉडी बिल्डर है। जो अपनी कडी मेहनत, निरंतर अभ्यास से इस स्पर्धा के लिए चयनित हुए है। उनके इस उपलब्धि पर आयरन खेलों से जुडे हुए पदाधिकारी एवं खिलाड़ियों व अभिभावकगणों ने बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की।

आवश्यकता है
दैनिक दावा अखबार में विज्ञापन/मार्केटिंग कार्य एवं रात्रिकालीन हेल्पर व ड्रायवर हेतु कुशल एवं अनुभवी लड़के की आवश्यकता हैं। वेतन आकर्षक! संपर्क समय :- दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक।
संपर्क करें - दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव, मो.- 93004-14726

हेमन्त साहू
98271-56852
94241-15737
शिव बोरवेल्स एवं प्रापर्टी डिलिंग
• हर तरह की बोरिंग कार्य हेतु सम्पर्क करें।
• सभी प्रकार के सबमर्सिबल पम्प के विक्रेता।
• पाईप फिटिंग एवं सेनेटरी की सुविधा।
नंदई, कुआ चौक राजनांदगांव (छ.ग.)

श्री जलाराम मंगल भवन...
गुजराती कॉलोनी, कंचन बाग, राजनांदगांव
• सर्व सुविधायुक्त 16 अटैच कमरे
• 3000 फूट का विशाल बैंक्वेट हॉल,
• ओपन लॉन तथा पोर्च की सुविधा
• पार्किंग की समुचित व्यवस्था
• सभी कमरों में गर्म पानी हेतु गीजर
• भवन में लिफ्ट की सुविधा
शुभ विवाह तथा सभी मांगलिग कार्यो हेतु उपलब्ध...
बुकिंग हेतु संपर्क करें...
मो. 9300414726

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com